www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:53 बजे
सूर्यास्त शाम 5:29 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-70 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • शनिवार 15 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### शेख हसीना पर फैसले से हिंसा भड़की

**बांग्लादेश|** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले देशभर में हिंसा भड़क गई है। अवामी लीग ने विरोध में 'लॉकडाउन' का आह्वान किया, जिसके जवाब में बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के समर्थक ढाका सहित कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए। अल-जजीरा के अनुसार, बुधवार को 32 बम विस्फोट हुए और दर्जनों बसों में आग लगाई गई। गुरुवार रात ढाका एयरपोर्ट के पास भी दो और बम फटे, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। बढ़ती तनावपूर्ण स्थिति के बीच राजधानी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद कर दिया गया है, स्कूलों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

### बीबीसी ने ट्रम्प से मांगी माफी

**वाशिंगटन|** ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हमले के दौरान दिए गए डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण के गलत एडिट को लेकर गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से औपचारिक माफी मांगी है। संस्था के चेयर सैमिर शाह ने व्हाइट हाउस को पत्र भेजकर माफी दी। हालांकि बीबीसी ने साफ कहा कि उसने ट्रम्प की मानहानि नहीं की, इसलिए उनके 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,400 करोड़ रुपये) के मानहानि दावे का कोई आधार नहीं है। विवाद सामने आने के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था।

### रूस में Su-30 लड़ाकू विमान क्रैश

**करेलिया|** रूस के करेलिया क्षेत्र में गुरुवार शाम एक Su-30 लड़ाकू विमान ट्रेनिंग उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। स्थानीय समयानुसार करीब 7 बजे विमान एक खाली इलाके में गिरा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई। विमान में दुर्घटना के समय कोई हथियार या गोला-बारूद नहीं था। हादसे के कारणों की अभी पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी और पायलट की गलती दोनों संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। क्रैश की जांच के लिए एक विशेष आयोग गठित किया गया है।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत, कांग्रेस हाशिये पर

## पीएम मोदी ने दी बधाई, बोले-यह सुशासन और विकास की विजय है, नीतीश कुमार फिर रिकॉर्ड बनाने की ओर

**समर न्यूज़| पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में जैसे-जैसे अंतिम दौर की गिनती आगे बढ़ी, तस्वीर बिल्कुल साफ होती गई—राज्य



में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। बीजेपी–जेडीयू गठबंधन ने भारी बढ़त के साथ चुनावी मैदान में बाज़ी मार ली है। इसी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए इस जनादेश को "सुशासन और विकास की जीत" बताया। पीएम मोदी ने अपने संदेश में लिखा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, जनकल्याण और सामाजिक न्याय पर विश्वास जताया है। उन्होंने इसे एनडीए के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व आशीर्वाद बताया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की और भरोसा दिलाया कि आने वाले वर्षों में बिहार के बुनियादी ढांचे, संस्कृति और युवाओं–महिलाओं के सशक्तिकरण पर तेज़ी से काम होगा। खबर लिखे जाने तक जेडीयू–बीजेपी गठबंधन एक बार फिर आराम से बहुमत के पार पहुँच गया है। इससे यह भी तय माना जा रहा है कि नीतीश कुमार लगातार दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। नीतीश के "सुशासन मॉडल", महिला वोटरों का भारी समर्थन और सरकारी योजनाओं का असर इस जीत के पीछे प्रमुख कारक माना जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि SIR प्रक्रिया को जनता का समर्थन मिला, इसलिए एनडीए को भारी जनादेश मिल रहा है।

▪ **NDA की करारी बढ़त—नीतीश कारक रहा निर्णायक...** *इस चुनाव में सबसे अहम भूमिका नीतीश कुमार के सामाजिक समीकरण और सरकारी योजनाओं ने निभाई। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ('दस हज़ारी योजना') और अन्य कल्याणकारी योजनाओं ने खासकर महिला मतदाताओं को NDA की ओर झुकाया। बीजेपी को भी पांच-दलीय गठबंधन का फायदा मिला। एलजेपी (RV) और रालमो के वोट NDA की झोली में गए, जिससे बीजेपी की स्थिति और मजबूत हुई।*

▪ **RJD की ऐतिहासिक हार-35 साल का समीकरण टूटा**

चुनाव की शुरुआत में RJD ने धूमधाम से दावा किया था कि इस बार सत्ता बदलेगी, लेकिन जैसे-जैसे नतीजे आए, पार्टी अपनी सबसे बड़ी पराजय की ओर बढ़ती नजर आई। RJD की बढ़त 25 सीटों के आसपास सिमटती दिखी—और कई सीटों पर अंतर बेहद कम रहा। इससे नेता प्रतिपक्ष का पद भी खतरे में पड़ गया। सीमांचल की मुस्लिम बहुल सीटों पर RJD का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। AIMIM के असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम वोटों में सेंध लगाई और RJD को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया। सरकारी नौकरी, 2.5 करोड़ परिवारों को रोजगार, महिलाओं को मासिक सहायता जैसे बड़े घोषणाओं को जनता ने 'हवाई वादे' माना। NDA ने इन वादों को अव्यावहारिक बताकर माहौल बनाया और इसमें सफल भी रहा। टिकट वितरण में यादव समाज पर अत्यधिक निर्भरता। RJD ने 144 सीटों में 52 यादव उम्मीदवार उतारे। इससे EBC, गैर-यादव OBC और सवर्णों में नाराज़गी पैदा हुई। गठबंधन में तालमेल का संकट। महागठबंधन में सीट-बंटवारे को लेकर अविश्वास, देरी और कमजोर संयुक्त कैंपेन ने नुकसान बढ़ाया।




### महागठबंधन का पतन, कांग्रेस हुई ध्वस्त...

*तेजस्वी यादव ने बेरोज़गारी, नौकरी और बिजली-पानी जैसे मुद्दों पर बड़ा दांव खेला था। उन्होंने 2.5 करोड़ परिवारों को नौकरी और महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। लेकिन नीतीश सरकार की योजनाओं और चुनावी प्रबंधन के सामने ये वादे असरदार नहीं साबित हुए। कांग्रेस की हालत और भी खराब रही, 2020 में 70 में से 19 सीट जीतने वाली पार्टी इस बार 61 सीटों में से सिर्फ 5 पर बढ़त में है। सीपीआई (माले) भी इस बार पिछली बार के मुकाबले बेहद कमजोर दिखी। वीआईपी और IIP अपने-अपने असर वाले इलाकों में महागठबंधन को सीमित लाभ दिला पाए, लेकिन इससे वोट बैंक में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया।*

### बिहार की तस्वीर... NDA 200 के पार, विपक्ष 40 के लिए संघर्षरत, शाम 5 बजे तक खबर लिखे जाने तक ये स्थिति रही

| | |
|---|---|
| एनडीए कुल बढ़त: | 203+ सीटें |
| बीजेपी: | 92 सीटों पर आगे |
| जेडीयू: | 83 सीटों पर बढ़त |
| एलजेपी (आरवी): | 19 सीटों पर बढ़त |
| HAM और RLM: | 9 सीटों पर बढ़त |

| महागठबंधन | |
|---|---|
| आरजेडी : | 26 |
| कांग्रेस: | 5 |
| सीपीआई(माले): | 2 |
| सीपीएम: | 1 |

## नीतीश कुमार ने मोदी का आभार जताया



*बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों और नतीजों ने साफ कर दिया है कि राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भारी बहुमत के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर राज्यवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ एनडीए को समर्थन दिया है, वह उनके लिए सेवा का नया संकल्प है। नीतीश कुमार ने लिखा कि बिहार की जनता ने "अपार विश्वास" दिखाते हुए भारी बहुमत दिया है, जिसके लिए वे हर मतदाता को प्रणाम करते हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए भी विशेष आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने एनडीए के सभी सहयोगियों—चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा—के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि "एकजुट प्रयासों" ने ही एनडीए को यह प्रचंड जीत दिलाई है। नीतीश ने विश्वास जताया कि आगामी वर्षों में बिहार विकास की नई ऊँचाइयाँ छुएगा और देश के सबसे अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।*

## बिहार ने सही समय पर सही फैसला दिया : चिराग



*एनडीए की बड़ी जीत के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने विकास, स्थिर नेतृत्व और ईमानदार नीयत के पक्ष में निर्णय दिया है, जो कई सवालों का जवाब है। चिराग पासवान ने विपक्ष पर तंज करते हुए कहा कि जो लोग नीतीश कुमार के स्वास्थ्य, पिछली सरकारों के कामकाज, गठबंधन की मजबूती और खुद उनकी भूमिका पर प्रश्न खड़े कर रहे थे, इस जनादेश ने उन सभी शंकाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने विपक्ष के दावे को लेकर कटाक्ष किया कि "जनादेश अभी पूरा भी घोषित नहीं हुआ और महागठबंधन पहले ही तारीखें देने लगा कि कब शपथ लेंगे।" चिराग ने कहा कि जब महत्वाकांक्षा अहंकार में बदल जाती है, तो परिणाम ऐसे ही होते हैं।*

## पीके की बड़ी नाकामी, प्रदर्शन उम्मीद से भी कमजोर



*अपने को विकल्प बताने वाली प्रशांत किशोर की पार्टी कहीं भी संघर्ष में नहीं दिखी। कई सीटों पर उन्हें वोट प्रतिशत तक हासिल नहीं हो पाया। बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजे राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं रहे। लगभग तीन साल की पदयात्राओं, जनसभाओं और "बदलाव" के दावों के बावजूद उनकी जन सुराज पार्टी इन चुनावों में कोई प्रभाव छोड़ने में असफल रही। प्रशांत किशोर ने अभियान के दौरान दावा किया था कि इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन तय है और राज्य नए नेतृत्व की ओर जाएगा। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और पलायन को मुख्य मुद्दों के रूप में उठाया तथा राज्य में "जनता के सुंदर राज" का नारा दिया। उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न भी स्कूल बैग रखा गया, जिसका उद्देश्य विकास और नई पीढ़ी को केंद्र में रखना था। हालांकि, चुनाव शुरू होने से पहले ही मुश्किलें दिखने लगीं जब कई उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया। पार्टी ने सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन ज़मीन पर स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर दिखी। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि उनके उम्मीदवारों पर दबाव बनाकर नामांकन हटवाए गए, लेकिन इसका कोई ठोस प्रभाव वोटिंग में नहीं दिखाई दिया। चुनाव परिणामों ने साफ कर दिया कि जन सुराज पार्टी का संगठनात्मक ढांचा अभी शुरुआती अवस्था में है। पिछले उपचुनावों में भी पार्टी को कोई सफलता नहीं मिली थी, हालांकि कुछ सीटों पर उसने विपक्षी दलों का वोट काटकर असर जरूर छोड़ा था। इस बार पार्टी को न तो मज़बूत वोट प्रतिशत मिला, न कोई सीट हासिल हुई। प्रशांत किशोर स्वयं चुनाव मैदान में नहीं उतरे, जबकि पहले उन्होंने राघोपुर सीट से लड़ने का इरादा जताया था। इन नतीजों से साफ है कि बिहार जैसी राजनीतिक रूप से जटिल भूमि पर सिर्फ रणनीति काफी नहीं। वहाँ लंबे संगठनात्मक विस्तार, कार्यकर्ताओं की मजबूत मौजूदगी और गहरे जनसंपर्क के बिना कोई भी नई पार्टी अपना स्थान बनाना कठिन पाती है। जन सुराज के लिए यह चुनाव एक सीख और आगे की चुनौती दोनों है।*

### तरनतारन उपचुनाव • फिर चला आम आदमी पार्टी का झाड़ू

# हरमीत संधू 12,091 वोटों से विजयी

**दर्शन सिंह/ संदीप | तरनतारन समर न्यूज़**

पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर कब्ज़ा जमाया है। आप उम्मीदवार हरमीत संधू ने उपचुनाव में 12,091 वोटों की बढ़त के साथ जीत हासिल की। उन्हें कुल 42,649 वोट मिले और वह चौथी बार तरनतारन से विधायक बने हैं। दूसरे स्थान पर रही शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार सुखविंदर कौर रंधावा को 30,558 वोट मिले, जबकि तीसरे स्थान पर अकाली दल–वारिस पंजाब दे के मनदीप सिंह खालसा 19,620 वोटों के साथ रहे।कांग्रेस इस उपचुनाव में चौथे नंबर पर रही और उसे मात्र 15,078 वोट मिले।
भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार 10 हजार के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए और केवल 6,239 वोट प्राप्त कर सके। चुनाव नियमों के अनुसार, किसी उम्मीदवार को कुल वैध मतों के 16.67% से कम वोट मिलने पर उसकी जमानत जब्त हो जाती है। इस आधार पर कांग्रेस, बीजेपी सहित कुल 12 उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा पाए। मतगणना सुबह 8 बजे इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तरनतारन में शुरू हुई। पहले बैलेट पेपर और फिर ईवीएम की 16 राउंड की गिनती की गई। शुरुआती तीन राउंड में अकाली दल की सुखविंदर कौर बढ़त में थीं, लेकिन चौथे राउंड से आप के हरमीत संधू आगे निकल गए और अंत तक बढ़त बढ़ाते गए। बढ़त कम होती देख सुखविंदर रंधावा मतगणना केंद्र छोड़कर चली गईं।
अमृतपाल सिंह की पार्टी अकाली दल–वारिस पंजाब दे के मनदीप खालसा तीसरे स्थान पर रहे और कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस की करारी हार को लेकर राज्य नेतृत्व की बयानबाजी जिम्मेदार बताई जा रही है, जबकि बीजेपी शुरुआत से ही पांचवें स्थान पर रही।




आम आदमी पार्टी के विजेता हरमीत संधू।

# महाराजा रणजीत द्वारा मेटकाफ दी गई दास्तार एक करोड़ 93 लाख में नीलाम

▪ ***लंदन नीलामी में ऐतिहासिक धरोहर की रिकॉर्ड कीमत***

**एजेंसी | लंदन**

लंदन में आयोजित एक विशेष नीलामी में शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह द्वारा अंग्रेज अधिकारी चार्ल्स थियोफिलस मेटकाफ को भेंट की गई ऐतिहासिक दास्तार 1 करोड़ 93 लाख रुपये (165,500 पाउंड) से अधिक कीमत में नीलाम हुई। यह नीलामी 'बोनहैम्स' नीलामी घर के इस्लामिक और एशियाई कला विभाग द्वारा आयोजित की गई।
नीलामी घर के अनुसार यह दस्तार लम्बे आयताकार आकार में है और सफेद ऊन से बनी हुई है। दस्तार के साथ एक परिवार में पीढ़ियों से संरक्षित दो हस्तलिखित दस्तावेज भी मिले, जो लेडी जॉर्जिना चैपमैन (जन्म 1938) और उनकी बहन द्वारा लिखे गए थे। इनमें दास्तार की प्राप्ति का विवरण दर्ज है। एक कार्ड पर साफ़-साफ़ लिखा है "रणजीत सिंह की दस्तार, मेटकाफ को भेंट, आकार 960×44.5 सेमी।"



▪ **1809 की अमृतसर संधि के दौरान दी गई थी दास्तार...**

*इतिहास के अनुसार महाराजा रणजीत सिंह ने यह दस्तार अंग्रेज राजनयिक चार्ल्स मेटकाफ को 25 अप्रैल 1809 को अमृतसर संधि के समय भेंट की थी। मेटकाफ का जन्म 1785 में कोलकाता में हुआ था। वह ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी और निदेशक सर थॉमस मेटकाफ के पुत्र थे। सिर्फ 19 वर्ष की उम्र में मेटकाफ को दूसरे एंग्लो-मराठा युद्ध के अंतिम चरण में जनरल लेक के राजनीतिक सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था। 1808 में मात्र 23 वर्ष की उम्र में लार्ड मिन्टो ने उन्हें लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह के दरबार में ब्रिटिश मिशन के लिए राजदूत चुना था।*

▪ **संधि ने तय की सिख साम्राज्य और ब्रिटिश हुकूमत की सीमाएं...**

*ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और सिख साम्राज्य के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए यह मिशन बेहद महत्वपूर्ण था। मेटकाफ का उद्देश्य सिख दरबार से औपचारिक कूटनीतिक संबंध स्थापित करना और सतलुज नदी के पूर्वी क्षेत्र में विस्तार को रोकना था। 25 अप्रैल 1809 को हस्ताक्षरित अमृतसर संधि ने सतलुज नदी के पश्चिमी भाग में महाराजा रणजीत सिंह की प्रभुसत्ता को मान्यता दी और उन्हें नदी के पूर्व की ओर विस्तार करने से रोक दिया। मेटकाफ लाहौर में लगभग चार से पाँच महीने रहे और माना जाता है कि इसी दौरान महाराजा ने उन्हें यह दस्तार सम्मान स्वरूप भेंट की थी।*

▪ **पंजाब में बिताए निजी जीवन के किस्से भी दर्ज...**

*लाहौर में अपने प्रवास के दौरान मेटकाफ ने एक पंजाबी महिला से संबंध स्थापित किया था, जिनसे उनके तीन पुत्र हुए। बाद में इन बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड भेज दिया गया। ऐतिहासिक महत्व, दुर्लभ संरक्षण और महाराजा रणजीत सिंह जैसे महान सिख शासक से जुड़ाव के कारण इस दस्तार की नीलामी विश्व भर में चर्चा का विषय बनी हुई है।*


### पेज 1 एंकर स्टोरी — 98 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा, कामिनी की मुस्कान में सादगी व 'पुरानी फ़िल्मों' की अमर महक थी

# नहीं रहीं धर्मेंद्र की पहली को-स्टार 98 वर्षीय कामिनी कौशल

**समर न्यूज़ | मुंबई**

भारतीय सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल का 98 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने उनके जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि अभिनेत्री पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। कामिनी कौशल, जिनका जन्म उमा सूद के रूप में हुआ था, 1950 के दशक की सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शामिल थीं। उन्होंने अपने अभिनय जीवन की शुरुआत 1946 में चेतन आनंद की फिल्म 'नीचा नगर' से की थी, वह ऐतिहासिक फिल्म जिसने कान्स फिल्म फ़ेस्टिवल में पाम डी'ओर (सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार) हासिल किया था। इसके बाद उनकी एक के बाद एक यादगार फ़िल्में आईं- नदिया के पार (1948), ज़िद्दी (1948), शबनम (1949), बिराज बहू (1954), जेलर (1958) और शहीद (1965) जैसी फ़िल्मों ने उन्हें भारतीय सिनेमा की सबसे गहन और संवेदनशील अभिनेत्रियों में स्थापित किया। हाल के दौर में उन्होंने लाल सिंह चड्ढा में कैमियो निभाया था, और इससे पहले वह कबीर सिंह (2019) में शाहिद कपूर की दादी के रूप में दिखाई दी थीं। कामिनी कौशल की अपनी कहानी है, उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि अंग्रेज़ी ऑनर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें फ़िल्मों में आने के लिए मानो "धकेला" गया था। "मैं लाहौर के किंनैर्ड कॉलेज में पढ़ रही थी शुरुआत में मैंने साफ़ मना कर

### फिल्मों में आने के लिए 'मजबूर' की गईं



धर्मेंद्र और कामिनी कौशल।

दिया था क्योंकि सुना था कि यह दुनिया लड़कियों के लिए ठीक नहीं," उन्होंने कहा था। लेकिन नियति ने उन्हें फिल्मों की तरफ मोड़ दिया और वही रास्ता आगे चलकर भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक चमकदार हिस्सा बन गया।

▪ **दिलीप कुमार से रिश्ते की चर्चाएं और जीवन का साहसिक निर्णय...**


कामिनी कौशल और दिलीप कुमार के बारे में कई अफ़वाहें रहीं, लेकिन दोनों ने कभी सार्वजनिक रूप से इस पर बात नहीं की। कामिनी ने अपनी बीमार बहन से किए वादे को निभाने के लिए अपने जीजा से विवाह किया, ताकि वह अपनी दो भांजियों की देखभाल कर सकें। यह निर्णय बताता है कि उनकी ज़िंदगी सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, वास्तविक जीवन में भी अद्भुत साहस, संवेदना और त्याग से भरी थी।

▪ **हर नायक के साथ अलग रिश्ता...**

*उन्होंने राज कपूर के साथ उनके शुरुआती दिनों में काम किया, जेल यात्रा (1947) और बाद में आरके फिल्मस की पहली फिल्म आग में भी वह नज़र आईं। उन्होंने एक बार कहा था "राज बेहद मस्ती करने वाले थे, देव आनंद अपने काम में बेहद ईमानदार और जुनूनी और दिलीप, मेरी तरह शांत। उनके साथ काम करना हमेशा सहज रहा।" कामिनी कौशल न सिर्फ सिनेमा की दिग्गज शख्सियत थीं, बल्कि बॉलीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले धर्मेंद्र की पहली को-स्टार भी थीं। दोनों ने 1964 की फिल्म 'शहीद' में साथ काम किया था, जिसे धर्मेंद्र अपने करियर के शुरुआती दौर का सबसे अहम मोड़ मानते हैं। 1960 के दशक के मध्य तक उन्होंने प्रमुख भूमिकाओं से हटकर सशक्त चरित्र भूमिकाएँ निभानी शुरू कर दीं। दो रास्ते (1969), प्रेम नगर (1974), महा चोर (1976) जैसी फिल्मों में उनकी परिपक्व अभिनय क्षमता खूब चमकी। बाद के वर्षों में वह कम दिखीं, लेकिन जब भी स्क्रीन पर आईं, उनकी मौजूदगी अमिट छाप छोड़ गई। उन्होंने चेन्नई एक्सप्रेस (2013) में भी एक प्यारी भूमिका निभाई थी और बताया था "मैंने सोचा, शाहरुख खान के साथ एक बार काम ज़रूर करना चाहिए।" कामिनी कौशल ने दूरदर्शन के लिए एक बच्चों का सीरियल बनाया था, जिसका नाम चंदामामा था। यह कठपुतली शो बच्चों के लिए हिंदी में पहला था और उन्होंने इसमें कठपुतलियों को आवाज़ भी दी थी। उन्होंने इस शो का निर्माण और निर्देशन राहुल सूद के साथ मिलकर किया था।*

# सुक्खू का बेनिफिट मॉडल सबसे तेज परिवारों को पहुंच रही सुविधाएं

**राज्य ब्यूरो| समर न्यूज़**



हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा लागू किया गया डायरेक्ट बेनिफिट मॉडल आज राज्य में सुशासन का सबसे प्रभावी उदाहरण बन चुका है। हिम परिवार कार्ड योजना 25 जनवरी 2025 को शुरू की गई थी और इसके माध्यम से हर परिवार को एकीकृत डिजिटल पहचान प्रदान की गई है। परिवार के बिजली, पानी, भूमि रिकॉर्ड, व्यक्तिगत जानकारी और सरकारी योजनाओं से जुड़े सभी डाटा को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है, जिससे नागरिकों को सरकारी सेवाएँ तेज और पारदर्शी तरीके से मिल रही हैं। अब तक 19,28,200 से अधिक परिवार और 76 लाख से ज्यादा नागरिक इस सिस्टम से जुड़ चुके हैं, जिससे यह योजना हिमाचल में सबसे व्यापक डिजिटल कवरेज का नया रिकॉर्ड बना चुकी है। सरकार की मंशा साफ है कि राज्य के हर योग्य नागरिक को लाभ सीधे मिले, बिना किसी कार्यालय प्रक्रिया और बिना किसी देरी के। यही कारण है कि कई योजनाओं के भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुँच रहे हैं, जिससे आम लोगों को समय और धन दोनों की बचत हो रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू की यह पहल हिमाचल को एक आधुनिक, तकनीक आधारित और जनता केंद्रित प्रशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

# विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों के लिए बड़ी पहल एक माह में जारी हुए 67 लीगल गार्डियनशिप

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार विशेष जरूरतों वाले बालिग व्यक्तियों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में, एक माह के भीतर 67 वयस्क विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों को लीगल गार्डियनशिप सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं।

इस संबंध में और जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि लीगल गार्डियनशिप 'नेशनल ट्रस्ट एक्ट, 1999' के अंतर्गत एक आधिकारिक कानूनी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक अक्षमता तथा मल्टीपल डिसएबिलिटीज़ वाले वयस्क व्यक्तियों के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। इस एक्ट के तहत उन बालिग व्यक्तियों के लिए—जो अक्षमता के कारण दैनिक महत्वपूर्ण कार्य स्वतंत्र रूप से नहीं कर सकते कानूनी रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक नियुक्त किया जाता है। इससे निर्णय लेने, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, बैंकिंग, दस्तावेज़ी प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुच काफी आसान हो जाती है। डॉ. बलजीत कौर ने आगे बताया कि लीगल गार्डियन माता-पिता, भाई-बहन, निकट संबंधी या किसी सामाजिक संगठन से जुड़ा जिम्मेदार व्यक्ति भी हो सकता है, जिसकी नियुक्ति अधिकृत समिति की मंजूरी से की जाती है। उन्होंने कहा कि ये सर्टिफिकेट विशेष जरूरतों वाले बच्चों और बालिगों के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं, क्योंकि यह उन्हें कानूनी सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा और विभिन्न सरकारी सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करते हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार द्वारा विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों के लिए कई योजनाएं और विस्तृत सुविधाएं लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके जीवन-स्तर में सुधार करना है।

# गैंगस्टर मॉड्यूल के तीन गुर्गे दो पिस्तौलों सहित गिरफ्तार

## तीनों व्यक्तियों का है आपराधिक रिकॉर्ड

समर न्यूज़ | अमृतसर



अमृतसर ने काउंटर इंटेलिजेंस पठानकोट के साथ संयुक्त अभियान के दौरान तीन गुर्गों को गिरफ्तार करके एक गैंगस्टर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इनके कब्जे से दो मैगज़ीन और 15 जिंदा कारतूसों सहित दो .30 बोर स्टार-मार्क पिस्तौल बरामद की गई हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान यूसुफ़ मसीह उर्फ एमपी निवासी धर्मकोट बग्गा, सैमुअल मसीह उर्फ अंकित उर्फ अंकी निवासी पिंडा रोडी, और साहिबजीत सिंह उर्फ साभी निवासी हरूवाल के रूप में हुई है। दो हथियार बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी स्विफ्ट कार को भी जब्त किया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी आर्मेनिया में स्थित वांछित गैंगस्टर राजा हारूवाल के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिसने बरामद हथियारों की डिलीवरी का प्रबंध किया था। एआइजी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीनों व्यक्तियों का आपराधिक रिकॉर्ड है और इनके खिलाफ बटाला, गुरदासपुर और अमृतसर में अपहरण, हत्या के प्रयास तथा अवैध हथियार रखने के कई मामले दर्ज हैं। थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में आर्म्स एक्ट केस को दर्ज किया गया है।

# जालंधर में पैसे देकर धर्म परिवर्तन के आरोपों पर मसीही समुदाय में नाराजगी

## ग्लोबल क्रिश्चन फाउंडेशन ने तेजस्वी मिन्हास पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

समर न्यूज़ | जालंधर

हाल ही में पंजाब बचाओ मोर्चा के कार्यकर्ता तेजस्वी मिन्हास द्वारा की गई प्रेस वार्ता ने जालंधर में नए विवाद को जन्म दे दिया है। तेजस्वी पर आरोप है कि उन्होंने मसीही समुदाय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और पैसे लेकर धर्म परिवर्तन कराने के गंभीर आरोप लगाए। उनके इस बयान को लेकर क्रिश्चन संगठनों में गहरा रोष देखा जा रहा है।ग्लोबल क्रिश्चन फाउंडेशन के अध्यक्ष बंटी ने कहा कि तेजस्वी मिन्हास ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते मसीही भाईचारे को निशाना बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी द्वारा की गई टिप्पणियों ने धार्मिक सौहार्द को ठेस पहुंचाई है और पंजाब की अमन-शांति को भड़काने का प्रयास किया गया है। बंटी ने कहा कि तेजस्वी ने प्रेस वार्ता में चर्चों को 'डेरे' बताकर एवं पास्टर्स पर गलत टिप्पणियां कर समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की है।

बंटी ने सवाल उठाया कि यदि वास्तव में धर्म परिवर्तन के लिए पैसे दिए जा रहे हैं तो तेजस्वी इसके प्रमाण पेश करें। उन्होंने भाजपा पर भी आरोप लगाया कि यह सब कुछ सियासी फायदे के लिए किया जा रहा है। बंटी ने कहा कि क्रिसमस कार्यक्रम से पहले ऐसी बयानबाजी जानबूझकर की गई है ताकि समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचे। वहीं, क्रिश्चन नेता जसपाल मसीह ने कहा कि तेजस्वी मिन्हास ने बिना किसी ठोस सबूत के 65 हजार पास्टर्स पर चमत्कारों के जरिए धर्म परिवर्तन करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पास्टर ने कभी दावा नहीं किया कि वह किसी को ठीक करता है; यह सब प्रभु यीशु मसीह की कृपा से संभव होता है। जसपाल ने कहा कि यदि किसी को धर्म परिवर्तन के लिए पैसों का लालच दिया गया है, तो उस व्यक्ति को सामने लाया जाए।मसीही समुदाय से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि प्रशासन इस विवाद की निष्पक्ष जांच कर धार्मिक सौहार्द बनाए रखे।

# मशहूर पंजाबी गायक हसन मानक गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत

समर न्यूज़ | फगवाड़ा



पुलिस ने पंजाब के मशहूर गायक हसन खान उर्फ हसन मानक को धोखाधड़ी और दूसरी शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मामला तब सामने आया जब गायक की पहली पत्नी परविंदर कौर ने पुलिस में शिकायत देकर उस पर धोखे से शादी करने और उसके सोने के गहने हड़पने का आरोप लगाया। डीएसपी फगवाड़ा भारत भूषण ने बताया कि यह मामला 30 मई 2025 को थाना सिटी फगवाड़ा में दर्ज किया गया था। परविंदर कौर की शिकायत के अनुसार, हसन मानक ने शादी के बाद उसे धोखे में रखकर दूसरी शादी कर ली और शादी के नाम पर उसके लाखों रुपये और गहनों पर कब्जा कर लिया।शिकायत के आधार पर शुरू हुई जांच में जब सबूत पुख्ता पाए गए, तब पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने गायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने मामले में दुष्कर्म की धारा भी जोड़ने का आदेश जारी किया है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हसन मानक की गिरफ्तारी को लेकर उसके प्रशंसकों में हैरानी का माहौल है। वहीं, पीड़िता परविंदर कौर का कहना है कि उसे अब केवल न्याय

# आम आदमी पार्टी की तरनतारन उपचुनाव में बड़ी जीत

## जालंधर में मंत्री महिंदर भगत ने लोगों के साथ मिठाई बांटी, दी बधाई

समर न्यूज़ | जालंधर



तरनतारन उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की बड़ी जीत के बाद पूरे पंजाब में आप कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

जालंधर में कैबिनेट मंत्री मोहिन्दर भगत ने लोगों को मिठाई बांटकर जीत की खुशी साझा की।बातचीत के दौरान मंत्री महिंदर भगत ने कहा कि जो लोग 2027 में अपनी सरकार बनने का सपना देख रहे थे, आज उन्हें समझ आ गया होगा कि पंजाब की जनता का भरोसा अभी भी आम आदमी पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भी पार्टी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।महिंदर भगत ने यह भी कहा कि किसी क्षेत्र का पंथक होना यह तय नहीं करता कि वहां के लोग किसे वोट देंगे। जनता अपने निर्णय काम और भरोसे के आधार पर लेती है।

# जमीनी स्तर पर संदेश पहुंचाने के लिए स्कूल एवं ग्राम पंचायत स्तर पर न्यूट्रिशन हट्स की आवश्यकता पर ज़ोर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब राज्य खाद्य आयोग की ओर से आज सेक्टर-26, मगसीपा में "भोजन ही दवा है" विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उत्तम स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली सुनिश्चित करना था। इस सेमिनार में राज्यवासियों के बीच स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'सही भोजन ही पहली दवा है' विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई। लुधियाना से आए डॉ. विपन भार्गव ने कहा कि इस नुक्ते को उजागर करते हुए पौष्टिक भोजन के महत्व का संदेश जमीनी स्तर तक पहुंचाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे शरीर में स्वयं को पोषित करने की एक विशिष्ट क्षमता होती है, परंतु इसके लिए आवश्यक है कि हम उसे सही मात्रा में उचित आहार दें। उन्होंने घर, स्कूल और ग्राम पंचायत स्तर पर न्यूट्रिशन हट्स और न्यूट्रिशन पॉइंट्स स्थापित करने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। डॉ. भार्गव ने यह भी कहा कि पौधों पर आधारित प्राकृतिक सब्जियां तथा घर में उगाई गई सब्जियां स्वस्थ जीवनशैली में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। आयुर्वेद के महत्व पर बोलते हुए आईआरए चैम्बर ऑफ़ आयुर्वेद के चेयरमैन एस.के. बातीश ने बताया कि विश्व के 170 देशों ने आयुर्वेद की उपयोगिता को स्वीकार किया है, जबकि 23 देशों ने इसे अपनी स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाया है। उन्होंने मोटे अनाज आधारित आहार की महत्ता पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य और जीवन कोच हरकंवल पी. सिंह धालीवाल ने शरीर को डिटॉक्स करने तथा विभिन्न प्रकार के भोजन को संतुलित ढंग से ग्रहण करने के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकुंद शर्मा ने मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश खाद्य आयोग, शिमला के चेयरमैन डॉ. एस.पी. कटियाल का स्वागत किया, जिन्होंने स्वस्थ जीवन शैली को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब राज्य खाद्य आयोग द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त, चेतन प्रकाश ढालीवाल और जसवीर सिंह सेखों, पूर्व सदस्य प्रीति चावला, सदस्य-सचिव कनू थिंद तथा आईआरए चैम्बर ऑफ आयुर्वेद की उपाध्यक्ष कंचन शर्मा भी मौजूद रहीं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे : अरविंद खन्ना



समर न्यूज़ | संगरूर

उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अरविंद खन्ना ने कहा है कि उनकी संस्था ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर नए प्रोजेक्ट शुरू करेगी। भिवानीगढ़ के गांव बखोंपीर में आयोजित बैठक में उन्होंने ''भैणां दी उम्मीद'' परियोजना से जुड़ी महिलाओं से बातचीत की।प्रोजेक्ट इंचार्ज राजविंद्र कौर ने बताया कि संस्था ने ड्रोन दीदी और डोने प्लेट निर्माण जैसे कार्यों से सैकड़ों महिलाओं को रोजगार दिया है। पहले जो महिलाएं आर्थिक रूप से आश्रित थीं, अब वे अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं।अरविंद खन्ना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है। संस्था शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर देकर उनकी स्थिति मजबूत करने के प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने आने वाले समय में और प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की जिससे अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

# तख्त पटना साहिब कमेटी ने जेडीयू और एनडीए की बड़ी जीत पर दी बधाई

दलजीत विक्की | पटना
समर न्यूज़



बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार की पार्टी जे डी यू सहित पूरे एन डी ए गठबंधन को मिली भारी सफलता के लिए तख्त पटना साहिब कमेटी द्वारा उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह गुरु घर की सेवा का परिणाम है कि नीतिश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं तख्त पटना साहिब कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही ने कहा देश की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने बिहार चुनाव के दौरान जिस प्रकार से क्रमवार आकर तख्त पटना साहिब में माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय तो अक्सर गुरु महाराज को नतमस्तक होने के न सिर्फ पहुंचते हैं बल्कि बढ़ चढ़ कर सेवा में भी हिस्सा लेते हैं। गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी शताब्दी कार्यक्रम को बिहार सरकार के सहयोग से मनाया गया। जागृति यात्रा निकालने में सहयोग दिया यह उसी का परिणाम है गुरु जी ने उन्हें पुनः सेवा बक्शी है। उम्मीद की जाती है वह और बढ़ चढ़ कर सेवा को जारी रखेंगे।

# बिहार में एनडीए की जीत पर बठिंडा में भाजपा ने मनाया जश्न

## बाजार में ढोल की थाप पर नाचते नजर आए कार्यकर्ता




समर न्यूज़ | बठिंडा

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद बठिंडा में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। ढोल की थाप पर नाचते हुए कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाइयां बांटकर बधाई दी। माहौल में देशभक्ति और उत्साह झलक रहा था।यह जश्न बठिंडा के मुख्य बाजार में देखने को मिला, जहां भाजपा के नेता और स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। सभी ने एनडीए की जीत पर मोदी सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की सराहना की। भाजपा झंडों के बीच कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारे लगाए।भाजपा नेता सरूप सिंगला ने कहा कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में विकास को चुना है और यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता के विश्वास की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने जातिगत राजनीति को नकारते हुए एनडीए की जीत सुनिश्चित की है। "यह सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि नैतिक जीत है, जिसने यह साबित किया कि जनता अब सिर्फ विकास चाहती है," उन्होंने कहा। वहीं भाजपा नेता विनू गोयल ने कहा कि बिहार में यह जीत उस राजनीति की हार है जो लोगों को बांटने का काम करती थी। उन्होंने कहा कि जनता ने अब ऐसे दलों को नकार दिया है जो प्रदेश की प्रगति में बाधक बने हुए थे। "अब बिहार से राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस जैसी पार्टियां खत्म हो जाएंगी, क्योंकि जनता अब एकजुट होकर विकास चाहती है," गोयल ने कहा। बठिंडा भाजपा कार्यालय में पूरे दिन उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यकर्ता लगातार एनडीए की जीत का जश्न मनाते रहे। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि यह जीत उत्तर भारत में भाजपा की मजबूती का संकेत है और आने वाले चुनावों में पार्टी को और समर्थन मिलेगा।

**प्रोत्साहन अभियान** राष्ट्रीय कंपनियों ने जताई पंजाब में निवेश और औद्योगिक साझेदारी की गहरी रुचि

# दक्षिण भारत में पंजाब बना निवेशकों की पहली पसंद








समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार के निवेश प्रोत्साहन अभियान को दक्षिण भारत में बड़ी सफलता मिली है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में हैदराबाद और चेन्नई में आयोजित उच्च-स्तरीय उद्योग संवादों ने देश की अग्रणी कंपनियों का ध्यान पंजाब की ओर खींचा है।

इस पहल से न केवल प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स' समिट 2026 के प्रति उत्साह बढ़ा है, बल्कि राज्य में व्यापार सुगमता और पारदर्शी नीतियों के प्रति भरोसा भी मजबूत हुआ है।


उद्योग जगत ने दिखाई गहरी रुचि। हैदराबाद में आयोजित संवाद के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ बैठकें कीं। बीइएल ने पंजाब के एमएसएमई सेक्टर को अपनी रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में जोड़ने की इच्छा जताई। वहीं रामकी समूह के संस्थापक और राज्यसभा सांसद अयोध्या रामी रेड्डी से हुई मुलाकात में अवसंरचना और विनिर्माण क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा हुई। भवन साइबरटेक ने मोहाली को "उत्तर भारत का अगला गुरुग्राम" बताते हुए इसे तेजी से उभरता हुआ आईटी और डेटा इकोसिस्टम केंद्र कहा। मुरुगप्पा समूह ने राज्य के पारदर्शी प्रशासन, कुशल श्रमबल और पावर सरप्लस स्थिति की सराहना करते हुए विशेष रूप से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में संभावनाएँ तलाशने की इच्छा जताई।बेहतर कारोबारी माहौल की पहचानमंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि भारत सरकार ने व्यापार सुगमता के पैमाने पर पंजाब को 'टॉप अचीवर' राज्य घोषित किया है। राज्य ने अब तक लगभग 1.37 लाख करोड़ रुपये के वास्तविक निवेश आकर्षित किए हैं, जिससे करीब पाँच लाख रोजगार अवसर बने हैं।

उन्होंने बताया कि राइट टू बिज़नेस एक्ट के तहत औद्योगिक पार्कों में स्थापित इकाइयों को केवल पाँच कार्य दिवसों में स्वीकृति मिल जाती है, जबकि अन्य परियोजनाएँ फास्टट्रैक पंजाब पोर्टल के माध्यम से 45 दिनों में निपटाई जाती हैं।

उद्योग जगत ने पंजाब की अवसंरचना, गुणवत्तापूर्ण मैनपावर, नवाचार क्षमता और डिजिटल प्रशासन प्रणाली को प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बताया। राज्य का शांतिपूर्ण श्रम वातावरण और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ इसे उत्तर भारत का सबसे आकर्षक औद्योगिक केंद्र बना रही हैं। दक्षिण भारत के इस सफल रोडशो के बाद इन्वेस्ट पंजाब की टीम अब आगामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेश संवादों की तैयारी कर रही है। उम्मीद है कि ये प्रयास प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स' समिट 2026 से पहले राज्य में नई निवेश साझेदारियों के रूप में ठोस परिणाम देंगे।

## मैं बोलूंगा तो...

# भूसे वाला बिल्ली और मालखाने का महान वीर



समर न्यूज | मोहाली

दूध की रखवाली पर बैठा शेर
लेकिन भूख लगी तो भैंस भी खा गया।
बरनाला से एक ऐसी कहानी
आई कि सुनकर पड़ोसी थानों ने भी हेलमेट पहन लिया।
कहानी भी क्या—पूरी पुलिसिया पौराणिक कथा है।
ये सज्जन ड्यूटी पर थे माल की रखवाली के लिए,
पर दिल में आवाज़ आई—
"भाई, इतनी मेहनत किसलिए?
माल सामने रखा है किस्मत ने ही भेजा है!"
बस फिर क्या था—
हाथ की सफाई ऐसी दिखाई कि
मालखाने के नोट भी गायब,
और माल भी गायब।
जज भी सोच में—"ये सब खा गया? इंसान था या औद्योगिक ब्लेंडर?"
जब मुंशी साहब मालखाना खोलने आए,
अंदर का दृश्य ऐसा था जैसे शादी में मिठाई की टोकरी—
ना मिठाई, ना टोकरी!
सिर्फ़ हवा, और हवा भी हल्की।
जांच शुरू हुई तो जनाब ने ऐसा पैर लगाया
जैसे पुलिस ट्रेनिंग में नहीं,
100 मीटर स्प्रिंट में मेडल जीते हों।
पूरा थाना दौड़ता रहा, और यह वीर मोड़-मोड़ कर हवा में गुम।
आख़िर पकड़ा गया—
और कोर्ट में खड़ा होकर बोल पड़ा—
"माई-बाप, माल तो मैंने पेश कर दिया
बस जगह थोड़ी अलग थी—मेरे डिब्बे में।"
जज साहब भी हँसी रोक न सके—
"भाई, ऐसे भूसे वाले बिल्ली को कौन दूध की रखवाली पर बैठाता है?"
अब हालत यह है—
इलाके के चोर भी धरना देने की सोच रहे हैं।
कह रहे—
"हम सारी रात मेहनत करें,
और मलाई कोई 'अंदर वाला' ही खा जाए—
ये कौन सा न्याय है?"
अगर यह मामला पेश न किया जाता,
तो मालखाने का नाम बदलकर 'भूखालय थाना बरनाला' रख देना था।
और हाँ
लोग पूछ रहे हैं—
"पुलिस का क्या कसूर?"
कसूर बस इतना कि
दूध की रखवाली पर भूख से बेहाल बिल्ली बैठा दी।
बाकी साहब क़िस्सा तो रोज़-रोज़ नहीं मिलता।

**#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #MalkhaneDaMiracle #NoteMissingMystery #ThaaneyDaScoobyDoo #KhoGayaKhoGaya**

# फाउंडर से लेकर फैकल्टी तक संदिग्ध कनेक्शन, तिहाड़ से निकलकर अल-फ़लाह यूनिवर्सिटी तक का सफ़र सवालों में

समर न्यूज़ | नई दिल्ली/फरीदाबाद

दिल्ली में 10 नवंबर को लाल क़िले के निकट हुए कार ब्लास्ट के बाद जिस नाम ने जांच एजेंसियों को सबसे ज़्यादा चौकन्ना किया है, वह है फरीदाबाद स्थित अल-फ़लाह यूनिवर्सिटी। यह यूनिवर्सिटी पिछले कुछ वर्षों से कई विवादों में घिरी रही है, लेकिन हालिया आतंकी घटना ने इसे एक बार फिर आपराधिक और आतंकी नेटवर्क के संदिग्ध केंद्र के रूप में सुर्खियों में ला दिया है।

जाँच एजेंसियों एनआईए, हरियाणा पुलिस, यूपी पुलिस, फरीदाबाद पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पिछले 72 घंटों में यूनिवर्सिटी के कैंपस, जामिया नगर स्थित मुख्यालय और फाउंडर से जुड़ी कंपनियों के रिकॉर्ड की गहन छानबीन की है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चेयरपर्सन जावेद अहमद सिद्दीकी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में तीन साल तिहाड़ जेल में भी रह चुका है।




### ▪ आतंक की यूनिवर्सिटी" का आरोपः कई अध्यापक जांच के घेरे में...

*फरीदाबाद स्थित अल-फ़लाह यूनिवर्सिटी का नाम उस समय ज़ोरदार तरीके से उभरा जब दिल्ली ब्लास्ट में शामिल डॉ. उमर उन-नबी की पृष्ठभूमि से यह संस्थान जुड़ा पाया गया। डॉ. उमर पूर्व में जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग में कार्यरत था और नौकरी से बर्खास्त होने के बाद इसे अल-फ़लाह यूनिवर्सिटी में नौकरी मिल गई। इसके अलावा दो अन्य प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल शकील और डॉ. शाहीन सईद जिनमें से एक को हाल ही में हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया, उना भी नाम आतंकी मॉड्यूल "व्हाइट कॉलर/डॉक्टर टेरर नेटवर्क" में सामने आया। जांच में यह भी सामने आया है कि यूनिवर्सिटी में करीब 40 प्रतिशत फैकल्टी कश्मीर से है, और इनमें से कुछ की पृष्ठभूमि की पर्याप्त जांच नहीं की गई।*

### ▪ अल-फ़लाह की मान्यता प्रमाणपत्र फर्जी : नैक

*राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद (नैक) ने बयान जारी कर दावा किया कि यूनिवर्सिटी द्वारा अपनी वेबसाइट पर लगाया गया मान्यता प्रमाणपत्र फ़र्ज़ी है। यह खुलासा और भी गंभीर हो जाता है जब देखा जाए कि संस्थान 200 एमबीबीएस सीटें और कई पीजी मेडिकल कोर्स संचालित करता है।*

**▪ फाउंडर निवेश कंपनी मालिक और तिहाड़ का पूर्व क़ैदी...** *जावेद अहमद सिद्दीकी की कहानी खास है, एक तरफ़ वे जामिया मिल्लिया इस्लामिया में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में लेक्चरर रहे, दूसरी तरफ़ उन्होंने 1990 के दशक में अपने भाई सऊद के साथ मिलकर अल-फ़लाह इन्वेस्टमेंट लिमिटेड नाम की निवेश कंपनी शुरू की।*

**▪ कैसे शुरू हुआ घोटाला?...**जामिया के कई कर्मचारियों और परिचितों को "उच्च मुनाफ़े" का लालच देकर निवेश कराया गया। कुछ ही समय बाद निवेशकों के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। धन को निजी खातों में ट्रांसफर किया गया। कई कंपनियों का अस्तित्व ही नहीं था। सीधे शब्दों में पूरी योजना चिट-फंड घोटाले जैसी थी। साल 2000 में इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई, जांच में दस्तावेज़ फर्जी पाए, और दोनों भाइयों को तीन साल से अधिक तिहाड़ जेल में रहना पड़ा। बाद में जब उन्होंने निवेशकों का पैसा लौटाने की बात मानी, 2003 में उन्हें बेल मिली और 2005 में बरी भी कर दिया गया। लेकिन इस पृष्ठभूमि के बावजूद सिद्दीकी ने धीरे-धीरे एक चैरिटेबल ट्रस्ट खड़ा किया, कई कॉलेज खोले, और अंततः 2014 के हरियाणा विधानसभा कानून के तहत अल-फ़लाह यूनिवर्सिटी स्थापित की।

**▪ 78 एकड़ का कैंपस और 9 कंपनियों से कनेक्शन...** *जाँच रिकॉर्ड के अनुसार जावेद सिद्दीकी की नौ कंपनियों से प्रत्यक्ष हिस्सेदारी या डायरेक्टरशिप जुड़ी है। सभी कंपनियां—शिक्षा, आईटी, ऊर्जा और निवेश क्षेत्र से जुड़ी—अल-फ़लाह हाउस, जामिया नगर, ओखला पते पर रजिस्टर्ड हैं। ये सभी 2019 तक सक्रिय रहीं। अब जांच एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि क्या इन कंपनियों का कोई आर्थिक संबंध आतंकी मॉड्यूल या संदिग्ध प्रोफेसरों के साथ है?* हरियाणा पुलिस ने जामिया नगर स्थित अल-फ़लाह ट्रस्ट के मुख्यालय पर छापेमारी की और यूनिवर्सिटी की जमीन खरीद, बिल्डिंग निर्माण, फंडिंग स्रोत, चैरिटेबल ट्रस्ट के लेनदेन के दस्तावेज़ ज़ब्त किए। यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पुलिस ने जमीन और इमारत संबंधी कागज़ मांगे थे और जांच एजेंसियों को सहयोग दिया जा रहा है।साल 2016 में मेडिकल कोर्स शुरू हुए, 2019 में मेडिकल साइंसेज स्कूल को अस्थायी मान्यता मिली, और आज यहाँ 1000+ मेडिकल छात्र पढ़ते हैं। लेकिन दो डॉक्टरों की गिरफ्तारी और दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ी कड़ियों ने इस संस्थान की पारदर्शिता, भर्ती प्रक्रिया और सुरक्षा प्रमाणीकरण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इंदौर पुलिस भी करेगी बैकग्राउंड चेक, क्योंकि जावेद सिद्दीकी मूल रूप से मध्य प्रदेश के महू का रहने वाला है, एमपी पुलिस भी उसकी शुरुआती शिक्षा, परिवार, पुराने नेटवर्क, आर्थिक लेनदेन की जांच कर रही है।

## Good DAY

समर न्यूज | शिमला




*किन्नौर के सभी प्रिय नागरिकों और युवाओं को मेरा सप्रेम नमस्कार। एक सुंदर दिन की शुरुआत उन सकारात्मक आदतों से होती है जो हमें ऊर्जावान, स्वस्थ और खुशहाल बनाए रखती हैं। किन्नौर की वादियों की ताज़ा हवा हमें हर सुबह यह संदेश देती है कि जीवन जितना स्वच्छ, अनुशासित और संतुलित होगा, उतना ही आनंदमय रहेगा। मैं विशेष रूप से युवाओं से कहना चाहूँगा कि अपने दिन की शुरुआत नियमित व्यायाम, ध्यान, प्रकृति के साथ कुछ क्षण बिताने और स्वास्थ्यवर्धक दिनचर्या से करें। जैसे हमारी घाटियाँ शांति और ताजगी देती हैं, वैसे ही आपका मन भी तभी शांत रहेगा जब आप गलत संगत, नशे और किसी भी ऐसे व्यवहार से दूरी बनाकर रखेंगे, जो आपके भविष्य और परिवार दोनों को नुकसान पहुँचा सकता है। अपनी ऊर्जा को पढ़ाई, खेल, कला, तकनीक और समाज सेवा जैसी सकारात्मक दिशाओं में लगाएँ। आपके सपने तभी साकार होंगे जब आप स्वयं को अनुशासित, जागरूक और लक्ष्य-केन्द्रित रखेंगे। हमारा समुदाय तभी मजबूत होगा जब हर परिवार सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल होगा। पुलिस प्रशासन सदैव आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। आइए, आज का दिन किन्नौर की शीतल हवा की तरह निर्मल, उत्साहभरा और प्रेरणादायी बनाएं। आप सभी को शुभ, सुरक्षित और सफल दिन की शुभकामनाएँ।*

**सुशील कुमार शर्मा**
**एसपी, किन्नौर, हिमाचल प्रदेश**


# जियो 100 साल मिशन की शुरुआत

## भारत में पहली बार फंक्शनल एजिंग और लॉन्गेविटी कार्यक्रम

समर न्यूज़ | मोहाली

वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर मोहाली में स्वास्थ्य क्षेत्र की एक महत्वाकांक्षी और अनोखी पहल "जियो100साल" की शुरुआत की गई। यह देश का पहला सामुदायिक-आधारित फंक्शनल एजिंग और लॉन्गेविटी कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य लोगों को अधिक लंबा, मजबूत और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाना है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ नागरिकों को कार्यक्रम के पहले एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद मलविंदर सिंह कंग ने "जियो100साल" को भारत के स्वास्थ्य भविष्य की दिशा बदलने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल एक ऐसे राष्ट्रव्यापी बदलाव की शुरुआत है, जो आने वाले वर्षों में भारत को अधिक स्वस्थ और सक्षम समाज के रूप में परिवर्तित कर सकती है। भारत आज तेजी से 'लॉन्गेविटी एरा' की ओर बढ़ रहा है। देश में 65 वर्ष से अधिक आयु के 14 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिक हैं और यह संख्या आने वाले वर्षों में और बढ़ने वाली है। बढ़ती उम्र के साथ ऐसे समाधानों की आवश्यकता बढ़ रही है, जो केवल आयु ही नहीं बल्कि व्यक्ति की क्रियाशील उम्र, शारीरिक शक्ति, गतिशीलता, सोचने-समझने की क्षमता, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य, मनोदशा और



रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बेहतर बनाएं। "जियो100साल" पहल इसी दृष्टिकोण के साथ भारत का पहला वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो फंक्शनल एजिंग को नियमित रूप से मापने और सुधारने पर केंद्रित है। यह मॉडल जिनी हेल्थ के संस्थापक और सीईओ गुरजोत नरवाल द्वारा विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज लॉन्गेविटी युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां लोग 80 से 90 वर्ष की उम्र तक सहजता से जी रहे हैं और अनेक लोग इससे भी अधिक उम्र तक पहुँच सकते हैं। लेकिन शक्ति, गतिशीलता और मानसिक स्पष्टता के बिना लंबी उम्र किसी उपलब्धि के समान नहीं, बल्कि कष्ट बन सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य के अस्पतालों की भूमिका केवल 'सिक-केयर' तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि स्ट्रेंथ, प्रिवेंशन और लॉन्गेविटी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब इस नई स्वास्थ्य क्रांति की जन्मस्थली बन सकता है।

कार्यक्रम के दौरान कई विशेषज्ञों ने फंक्शनल उम्र और लॉन्गेविटी की महत्ता पर अपनी राय रखी। प्रसिद्ध एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. अनिल भांसाली, डॉ. बेअंत कौर, डॉ. हरजोबन ने कहा कि नियमित फंक्शनल असेसमेंट और केंद्रित मेडिकल सलाह से उम्र बढ़ने की रफ्तार को नियंत्रित किया जा सकता है। जिनी हेल्थ के पार्टनर और फिनवेसिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सरवजीत विर्क ने कहा कि आधुनिक लॉन्गेविटी साइंस और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं के संयोजन से लोगों को अपना स्वास्थ्य स्वयं संभालने की प्रेरणा मिल रही है। डेंगू के दौरान अपनी व्यक्तिगत रिकवरी का अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि फिटनेस ने उनके स्वास्थ्य लाभ में अहम भूमिका निभाई। मोहाली में शुरू किया गया "जियो100साल" मिशन अब राष्ट्रीय स्तर पर लागू किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पंथ गुट में दरार का फायदा 'आप' को मिला, एकता ही बचा विकल्प

### ▪ तरनतारन उपचुनाव ने दिया बड़ा और कड़ा संदेश



गुरशरण सिंह/मोहाली
समर न्यूज़

तरनतारन उपचुनाव ने शिरोमणि अकाली दल के लिए एक बार फिर वही कठोर सच्चाई सामने रख दी है, जिसे पार्टी लंबे समय से नजरअंदाज करती आ रही है गुटबंदी, आंतरिक मतभेद और संगठनात्मक कमजोरी। यह हार किसी एक कारण से नहीं हुई, बल्कि एक लम्बे समय से जमा हो रही दरारों का परिणाम थी। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और पुराने कार्यकर्ताओं ने भी स्वीकार किया है कि वोटों का बंटवारा इस हार की सबसे बड़ी वजह बना और मुकाबला शुरुआती स्तर से ही कमजोर पड़ गया।

**▪ बेअदबी, बरगाड़ी कांड और डेरा माफी के जख्म अभी भरे नहीं...** *पंजाब का मतदाता शिरोमणि अकाली दल की पूर्व सरकार के विवादित फैसलों को अभी भुला नहीं पाया है। बेअदबी कांड, बरगाड़ी गोलीबारी और डेरा मुआफी जैसे मामलों ने जो चोट छोड़ी, वह अब भी जनता के वोटिंग पैटर्न में दिखाई दे रही है। यही कारण है कि 'वारिस पंजाब दे' के उम्मीदवार को 19,620 वोट मिलना अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक संदेश है मतदाता अब पारंपरिक दलों पर आंख बंद कर भरोसा करने को तैयार नहीं।*

### ▪ सीधी तुलना में 'आप' का बड़ा फायदा

*▪ तरनतारन उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को 42,649 वोट मिले, जबकि अकाली दल बादल की सुखविंदर कौर रंधावा को मात्र 30,558 वोट मिले। इसके साथ ही अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के मनदीप खालसा को 19,620 वोट मिले। यदि अकाली दल के दोनों गुटों के वोट जोड़े जाएं तो यह आंकड़ा 50,178 तक पहुँचता है जो स्पष्ट रूप से आप उम्मीदवार से अधिक है। यानी पंथ में पड़ी दरार और गुटबंदी ने सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी को मजबूत फायदा दिया और अकाली दल को निर्णायक नुकसान।*

**▪ 2022 से 2024 तक वोट बैंक में सीधी गिरावट...**
*2022 के विधानसभा चुनाव में अकाली दल को 39,347 वोट मिले थे। लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी का वोट बैंक घटकर 30,558 पर पहुँच गया। यह गिरता हुआ ग्राफ बताता है कि पार्टी अपनी साख बचाना चाहती है तो उसे सबसे पहले अपने ही घर को व्यवस्थित करना होगा। आपसी मतभेदों और नेतृत्व पर रखे जा रहे सवालों ने संगठन को राजनीतिक रूप से कमजोर कर दिया है। युवा मतदाता और परंपरागत समर्थक दोनों ही अब दूरी बनाते नजर आ रहे हैं।*

**▪ विश्लेषकों की चेतावनी : यही हाल रहा तो 2027 में भी ध्वस्त होंगे...**
*राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अकाली दल के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर असहमति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। चाहे नेतृत्व को लेकर सवाल हों, संगठन में बदलाव हो या गठबंधन की दिशा- हर मुद्दे पर पार्टी दो हिस्सों में बंटी हुई दिखती है। यदि यही स्थिति 2027 तक जारी रही तो पार्टी को तीसरी बार भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। तरनतारन की हार केवल एक सीट का नुकसान नहीं, बल्कि एक साफ चेतावनी है कि जनता अब केवल नाम और इतिहास के भरोसे वोट नहीं देने वाली। मतदाताओं को एकजुट, स्पष्ट और विश्वसनीय नेतृत्व चाहिए।*

**▪ कांग्रेस भी पिछड़ी, माझे ने दिखाया आईना...**
*तरनतारन उपचुनाव ने सिर्फ अकाली दल ही नहीं, बल्कि पंजाब कांग्रेस के लिए भी गंभीर संकेत छोड़े हैं। चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग के कई बयान—खालिस्तान, कट्टरता और अन्य विवादों को लेकर—चर्चा में रहे। स्थानीय राजनीतिक माहौल में यह बयानबाज़ी उलटी पड़ी और माझे के वोटरों ने कांग्रेस से दूरी बनाई। इसी का नतीजा है कि कांग्रेस से अधिक वोट अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के उम्मीदवार मनदीप खालसा को मिले। इससे साफ संकेत मिलता है कि कांग्रेस के लिए भी जमीन उतनी सुरक्षित नहीं है, जितनी वह मानकर चल रही थी।*

**▪ अब एक ही रास्ता - एकता, पुनर्गठन और स्पष्ट नेतृत्व...**
*तरनतारन का नतीजा पंजाब की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। यह साफ हुआ कि बिखरी हुई अकाली राजनीति अब जनता को स्वीकार्य नहीं है। यदि पार्टी 2027 में मजबूत वापसी चाहती है, तो उसे अपने दोनों गुटों को एकजुट कर स्पष्ट रणनीति तैयार करनी होगी। एक आवाज, एक नेतृत्व और एक मंच इन्हीं तीन सूत्रों के बिना अकाली दल का भविष्य मुश्किल दिखाई देता है।*

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | लोगों की दशकों पुरानी मांग पूरी, 20 नवंबर को नगर कीर्तन होगा रवाना

# 50 साल बाद खुला बाबा फरीद का तप स्थल

समर न्यूज़| फरीदकोट

फरीदकोट रियासत के ऐतिहासिक 'किला मुबारक' के दरवाजे करीब 50 वर्षों बाद आम जनता के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही अब श्रद्धालु 12वीं सदी के महान सूफी संत बाबा शेख फरीद के तप स्थल के दर्शन कर सकेंगे। यह वही पवित्र स्थान है, जहाँ बाबा फरीद मुल्तान से दिल्ली जाते समय कुछ समय के लिए रुके थे।

ऐतिहासिक वर्णनों के अनुसार, 12वीं सदी में जब किले का निर्माण कार्य चल रहा था, तो राजा के सैनिकों ने बाबा फरीद को भी उस निर्माण में श्रमिक के रूप में शामिल



कर लिया था। इसी स्थान पर उन्होंने तपस्या की, जिसे आज भी माहौल में आध्यात्मिक शांति के रूप में महसूस किया जा सकता है।

पंजाब सरकार से लंबे समय से यह मांग उठती आ रही थी कि किला मुबारक को जनता के लिए खोला जाए, ताकि लोग बाबा फरीद के इस ऐतिहासिक स्थल के दर्शन कर सकें। आखिरकार पाँच दशकों के इंतज़ार के बाद आज यह मांग पूरी हो गई। किले के मुख्य द्वार खोलने के साथ ही यहां धार्मिक आयोजनों की शुरुआत कर दी गई है। यहां पाठ आरंभ हो गया है, जो 20 नवंबर तक चलेगा। इसके बाद 20 नवंबर को यहीं से नगर कीर्तन आनंदपुर साहिब के लिए रवाना होगा।

महारावेल खेवाजी ट्रस्ट के कार्यकारी अधिकारी जगीर सिंह सरा, विधायक गुरदित्त सिंह सेखों और मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमनदीप सिंह बाबा ने बताया कि किले को जनता के लिए खोलने से पहले इसकी पुरातन शाही बनावट को यथासंभव बहाल किया गया है।

शहर के निवासी सुरजीत सिंह शताब, जोगिंदर सिंह बराड़, रजिंदर सिंह जलालियाणा, रविंदर सिंह बुगरा और हरदेव सिंह (हॉकी कोच) ने कहा कि 50 वर्ष पुरानी मांग पूरी होने से फरीदकोट वासियों में खुशी की लहर है और सरकार का यह निर्णय सराहनीय है।

ट्रस्ट के सीईओ जगीर सिंह सरा ने बताया कि शाही परिवार ने धार्मिक आयोजनों की अनुमति देने और पूरे कार्यक्रम में सहयोग करने में अहम भूमिका निभाई। शाही परिवार और ट्रस्ट के इस संयुक्त प्रयास से मालवा क्षेत्र की आधी सदी पुरानी मांग आखिरकार पूर्ण हुई है।

# बलियाना डबल मर्डर केस का मुख्य आरोपी संजय गिरफ्तार

## आईएमटी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में संजय के पैर में गोली लगी, उसके दोनों साथियों को स्कूटी फिसलने से चोटें आईं

रमेश | सोनीपत
समर न्यूज़

सोनीपत जिले के बलियाना गांव में 7 नवंबर को हुए डबल मर्डर केस का मुख्य आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शुक्रवार सुबह आईएमटी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान सीआईए-वन टीम ने आरोपी संजय (41) सहित दो अन्य साथियों रोहित उर्फ काला (24) और वीरेंद्र उर्फ टिंकू (29) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में संजय के पैर में गोली लगी जबकि उसके दोनों साथियों को स्कूटी फिसलने से चोटें आईं। पुलिस ने तत्काल तीनों को इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती



कराया। बताया गया कि 2023 से गांव के दो पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी कारण 7 नवंबर को धर्मवीर और उनके बेटे दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया था।घटना के दिन दो आरोपी खरखौदा में पकड़े गए थे, लेकिन संजय और उसके दो साथी फरार चल रहे थे।

शुक्रवार सुबह जब पुलिस को सूचना मिली कि तीनों बलियाना के पास मौजूद हैं, तो आईएमटी क्षेत्र में घेराबंदी की गई। जवाबी फायरिंग में संजय घायल हुआ और पुलिस ने सभी को दबोच लिया।

सीआईए प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, अब आरोपी से पूछताछ कर हत्या की साजिश से जुड़े और पहलुओं की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है।

## हरियाणा-राजस्थान रेल सेवा में ब्लॉक

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा और राजस्थान के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अगले सप्ताह परेशानी झेलनी पड़ेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे ने चुरू–सादुलपुर रेलखंड पर जारी सब-वे निर्माण कार्य के चलते 17 नवंबर से 24 नवंबर तक आठ ट्रेनों के संचालन में बदलाव का ऐलान किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि अस्लु, दूधवाखारा और सिरसला स्टेशनों पर निर्माण कार्य के दौरान कई ट्रेनें आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी। इनमें बीकानेर–हिसार, हिसार–बीकानेर, लुधियाना–चूरू, रेवाड़ी–बीकानेर और जोधपुर–हिसार समेत आठ ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले समय सारणी की पुष्टि कर लें और आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। विभाग का कहना है कि निर्माण पूरा होने के बाद यात्रा सुरक्षा और सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## यमुनानगर में सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

### साढौरा के पास हुआ हादसा, दो युवक घायल

परवेज खान | यमुनानगर
समर न्यूज़

हरियाणा के यमुनानगर जिले में साढौरा के पास देर रात हुए भयावह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सरावां गांव के तीन युवक कार में सवार होकर लौट रहे थे, तभी सादिकपुर के निकट उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कर्ण सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुरविंदर और जसदीप को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक अंदर फंस गए। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। कर्ण सिंह की मौत से उनके गांव में शोक की लहर है, जबकि घायल युवकों के परिवारों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। डॉक्टरों ने घायलों को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने की पुष्टि की है। हादसे ने एक बार फिर वाहन चालकों को गति सीमा का पालन करने की सख्त आवश्यकता की याद दिलाई है।

## अंबाला में महिला व बेटियों से मारपीट, आरोपी घर में घुसे

समर न्यूज़ | अंबाला

नारायणगढ़ के गांव नंदूवाली में एक परिवार पर चार आरोपियों ने जबरन घुसकर हमला किया। पीड़िता रीना देवी ने पुलिस को शिकायत दी कि आरोपियों ने उन्हें और उनकी बेटियों को मारपीट के साथ धमकी दी। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने मारपीट, धमकी और घर में घुसपैठ की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में तनाव का माहौल है।

## ग्रुप-डी कर्मचारियों के तबादले और नियुक्ति पर नए नियम लागू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने 28 मार्च 2018 के बाद नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्ति प्राधिकारी बनाया गया है। अब सभी अनुकंपा नियुक्ति, त्यागपत्र, अनुशासनात्मक कार्रवाई और तबादले के मामले मानव संसाधन निदेशालय को भेजे जाएंगे। अनुकंपा नियुक्ति की जांच हरियाणा अनुकंपा सहायता नियम, 2019 के तहत होगी। सरकार का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज और सुव्यवस्थित बनाना है।

## पति ने पत्नी की दरांती से हत्या की

समर न्यूज़ | खरखौदा

खांडा गांव के एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे दंपति के बीच हुआ विवाद हत्या में बदल गया। आरोपी नरेंद्र ने अपनी पत्नी पर उस समय हमला कर दिया जब उसने सत्संग में जाने से इनकार किया। वारदात के समय महिला के पिता भी मौके पर मौजूद थे।पुलिस के अनुसार, आरोपी उत्तरी प्रदेश के संभल जिले का रहने वाला है और कुछ समय से परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर काम करता था। कहा-सुनी के बाद नरेंद्र ने दरांती से पत्नी के पेट और कमर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना 19 सितंबर की बताई गई है। आरोपी फरार था, जिसे पुलिस ने डेढ़ माह बाद गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और नागरिकों से घरेलू विवादों की सूचना समय पर देने की अपील की।

## भारत का भविष्य छात्रों के कंधों पर टिका है : गहलौत

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहौल में युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम का आयोजन

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

ग्राम पंचायत सिहौल की सरपंच वेदवती गहलौत ने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे कोई भी व्यक्ति ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहौल में आयोजित युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं सरपंच ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण युवाओं में नेतृत्व और जागरूकता की भावना जगाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य छात्रों के कंधों पर टिका है और शिक्षित युवा ही समाज और देश को आगे ले जा सकते हैं।



कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, स्थानीय अध्यापक, छात्र और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वेदवती गहलौत ने ग्राम पंचायत के कार्यों की जानकारी छात्रों से साझा की और गांव के उन युवाओं का उदाहरण दिया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सिहौल को शिक्षित, सशक्त और प्रगतिशील ग्राम बनाने की दिशा में विभिन्न योजनाएं चलाई जाएंगी।

## पलवल युवा कांग्रेस ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान, जनता जागरूक



सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज़

जिला युवा कांग्रेस ने शहर के बस स्टैंड और रोडवेज बसों में "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान चलाकर मताधिकार की सुरक्षा और लोकतंत्र की महत्ता पर जनता को जागरूक किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पोसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार चुनावों में जनता के जनमत को चुराने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस इस जन आंदोलन को सड़क से संसद तक लड़ेगी। कार्यकर्ताओं ने पंपलेट वितरित किए और "वोट चोरी बंद करो, लोकतंत्र बचाओ" जैसे नारे लगाए।

युवा कांग्रेस ने पूरे जिले और आसपास के क्षेत्रों में अभियान विस्तार की घोषणा की।

## हिसार के ITBP जवान प्रदीप की ड्यूटी के दौरान मौत

समर न्यूज़ | हिसार

दियारनवास गांव के ITBP जवान प्रदीप कालीरावण का बठिंडा में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। 13 वर्षों के सेवा के



दौरान उन्होंने कई बचाव अभियानों में हिस्सा लिया।

उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। उनका पार्थिव शरीर राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पहुंचेगा।

## गुरुग्राम में युवक की सिर कुचल हत्या, कूड़े के ढेर में मिला शव

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में सेक्टर-7 एक्सटेंशन के पास कूड़े के ढेर में एक युवक का लहूलुहान शव बरामद हुआ। कूड़ा फेंकने पहुंचे एक व्यक्ति ने शव देखकर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। न्यू कॉलोनी और सेक्टर-9 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मृतक युवक के सिर को भारी पत्थर से कुचलकर उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। काफी प्रयास के बाद शव की पहचान बिहार निवासी कमोद कापर के रूप में हुई, जो दिल्ली में रहता था। करीब 10 दिन पहले वह गुड़गांव के ज्योति पार्क स्थित अपने भाई के घर आया था।नशा करने की लत और शराब ठेके के पास विवाद की आशंका

स्थानीय सूत्रों के अनुसार कमोद कापर नशा करने का आदी था। आशंका है कि बीती रात वह शराब ठेके के पास मौजूद था, जहां किसी व्यक्ति के साथ उसने शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और गुस्से में उसकी सिर पर पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही सेक्टर-9 थाना पुलिस ने मौके से सभी आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली गई है। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर सर्च कराया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एसीपी विष्णु दयाल ने कहा कि युवक की हत्या सिर कुचलकर की गई है और प्रारंभिक जांच में शराब पीने के दौरान हुए विवाद की आशंका जताई गई है।



## दादा कुशाल सिंह दहिया कार्यक्रम में CM सैनी की बड़ी घोषणाएं

रमेश | सोनीपत
समर न्यूज़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कई विकास और विरासत संरक्षण की घोषणाएं कीं। यमुनानगर मेडिकल कॉलेज का नाम गुरु तेग बहादुर जी पर रखा जाएगा, दादा कुशाल सिंह दहिया मार्ग और अमर शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया सामुदायिक केंद्र बनेंगे। गांव दिपालपुर में 1 करोड़ के स्किल डेवलपमेंट पार्क और नया कम्युनिटी सेंटर बनाया जाएगा। 1984 दंगों में प्रभावित परिवारों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को शहीदी दिवस समारोह में भाग लेंगे।

## ऑपरेशन ट्रैक डाउन में 1631 गिरफ्तार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत अब तक 1,631 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 319 कुख्यात अपराधी शामिल हैं। यह अभियान संगठित अपराध, चोरी, ठगी, नशा तस्करी जैसे मामलों के खिलाफ चलाया जा रहा है और 20 नवंबर तक जारी रहेगा। अंबाला पुलिस ने ईरानी गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो देशभर में 105 से अधिक सोने-हीरे की चोरी, ठगी में शामिल थे।

## मुख्यमंत्री सैनी का एक्शन

## 'म्हारी सड़क ऐप' लापरवाही पर 19 इंजीनियर निलंबित



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क ऐप' पर दर्ज शिकायतों के समाधान में उदासीनता दिखाने वाले 19 कार्यकारी अभियंताओं के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की है। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के 6, एचएसआईआईडीसी के 2, जिला परिषद के 1, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के 5 और एसएसवीपी के 3 इंजीनियर शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निपटारा जमीन पर पूरी तरह दिखना चाहिए, केवल फाइलों में 'सुलझा हुआ' बताकर बंद करना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय सीमा में समाधान हो, संबंधित स्थल का निरीक्षण ज़रूरी है और बिना समाधान की पुष्टि के मामले बंद नहीं किए जाएंगे। साथ ही, समय पर काम न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्यभर में सफेद पट्टी और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह कदम 'म्हारी सड़क ऐप' को जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए है और यह स्पष्ट संदेश देता है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्रद्धांजलि

### राई में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति से गूंजा वातावरण

## वीर कुशाल सिंह बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री सैनी ने दी श्रद्धांजलि

रमेश | सोनीपत
समर न्यूज़

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई में वीर योद्धा कुशाल सिंह के 350वें बलिदान दिवस पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वीरता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस समारोह में कुशाल सिंह के योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, विधायक महिपाल ढांडा और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी




उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि वीर कुशाल सिंह के साहस और बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। समारोह में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोहों ने माहौल को भावनात्मक बना दिया।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए थे। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाकर वीरता की उस परंपरा को फिर से जीवंत कर दिया जिसके लिए कुशाल सिंह आज भी याद किए जाते हैं।

## दयालु योजना में 35 हजार फाइलें लंबित, सरकार ने सुधार की बनाई योजना

### जिला स्तर पर होगा निपटारा, ग्राहकों को जल्द मिलेगी राहत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा दयालु योजना के लाभार्थियों के लिए राहत भरा निर्णय जल्द आने वाला है। सरकार ने योजना में लंबित 35,500 से अधिक फाइलों को निपटाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। अब जिला स्तर पर फाइलों का निपटारा किया जाएगा ताकि देरी खत्म हो सके। अप्रैल 2023 में



शुरू हुई यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को असमय मृत्यु, सड़क दुर्घटना या 70% से अधिक विकलांगता की स्थिति में 1 से 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान करती है। लेकिन योजना की केंद्रीय प्रोसेसिंग केवल पंचकूला मुख्यालय से होने के कारण देरी बनी रही। वहां सीमित स्टाफ और रोजाना 150 से अधिक फाइलें आने से मार्च 2024 की फाइलें भी अब तक क्लियर नहीं हो सकी हैं।सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विभाग को फाइल निपटान की गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नई व्यवस्था से जिलेवार प्रक्रिया शुरू होगी जिससे हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और आर्थिक सहायता को समय पर पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

# बाल दिवस पर बच्चों संग झूमे सीएम सुक्खू

## भाजपा के आरोपों पर दिया सख्त जवाब, कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस बैंड 'हार्मनी ऑफ द पाइनस' से हुई





**संजू | शिमला**
**समर न्यूज**

बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को राजधानी शिमला का ऐतिहासिक रिज मैदान बच्चों की खुशियों से सराबोर रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट का आयोजन किया गया।

**सुख आश्रय कानून से अनाथ बच्चों को मिली नई पहचान**

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस बैंड 'हार्मनी ऑफ द पाइनस' की मधुर धुनों से हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू भी बच्चों के बीच पहुंचे और संगीत की धुनों पर उनके साथ झूमते दिखे। बच्चों के साथ उनका सहज और आत्मीय व्यवहार देखने योग्य था, जिससे पूरा रिज मैदान उत्सव स्थल में तब्दील हो गया।मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने अनाथ और निराश्रित बच्चों के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'सुख आश्रय कानून' लागू किया है। उन्होंने बताया कि यह पहल हिमाचल को देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल करती है, जहां जन्म से 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चों की संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार निभाती है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे किसी सरकारी लाभ के पात्र भर नहीं, बल्कि राज्य के परिवार का हिस्सा हैं और सरकार उनके माता-पिता की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि बाल दिवस का यह आयोजन इन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का एक प्रयास है। खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझ विकसित होगी।

**राजनीति में नैतिकता पर भाजपा पहले खुद देखे** : कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मंच से अपने राजनीतिक विरोधियों को भी जवाब दिया। उन्होंने भाजपा द्वारा सरकार के तीन साल के जश्न को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को पहले अपनी आंतरिक स्थिति पर नजर डालनी चाहिए। सोलन और चंबा की घटनाओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि नैतिकता का पाठ वही लोग पढ़ाएं जिनके पास नैतिकता शेष हो।उन्होंने साफ किया कि सरकार का यह कार्यक्रम किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि जनता के सामने अपने किए गए कार्यों की जानकारी साझा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और जनता को किए गए कामों के बारे में बताना किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा है। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उनके भीतर नए उत्साह का संचार कर गया। खेल प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# नई दिशा नई पहल, मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना

## ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ा रोजगार और आय

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना ग्रामीण आजीविका का मजबूत स्तंभ बन रही है। सरकार ने तालाब निर्माण और मछली बीज, चारा आदि में 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी है। नूरपुर के किसान लवली कुमार और राकेश कुमार इसके सफल उदाहरण हैं, जिन्होंने योजना से मिली सहायता से स्वरोजगार शुरू किया और दूसरों को भी रोजगार दिया। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली है।



# एनडीए की जीत पर ऊना में बीजेपी का जश्न

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद ऊना में बीजेपी कार्यालय में जश्न मनाया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि जनता ने विकास की नीति को चुना है और राहुल गांधी के वोट चोरी आरोप खारिज किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बना हुआ है और पार्टी विकास की रफ्तार और तेज करेगी।



### राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह में स्काउट एंड गाइड ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों को दिया सहयोग

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज**

राजधानी शिमला का प्रसिद्ध रिज मैदान गुरुवार को बाल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का साक्षी बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हुए। सरकार और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह कार्यक्रम विशेष रूप से चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों को समर्पित रहा। संगठन की ओर से बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई, वहीं उत्साहवर्धन के तौर पर सभी बच्चों को टोपी और स्कूल बैग भी भेंट किए गए। बच्चों की भागीदारी और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने पूरे कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित समारोह में शामिल 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' बच्चों के उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

# चुनावी तैयारियों पर फोकस, ऊना में बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा की अहम बैठक सम्पन्न



**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान और विधायक सतपाल सत्ती ने भाग लिया।

बैठक में आगामी 2027 विधानसभा चुनावों के लिए संगठनात्मक तैयारियों और बूथ स्तर पर स्तर बढ़ाने पर जोर दिया गया। मनीष चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। विधायक सतपाल सत्ती ने विकास कार्यों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए पदाधिकारियों को प्रेरित किया।

# फोरलेन के कारण पुरानी सड़क पर ठप बस सेवा

## जनता परेशान, विधायक रणधीर शर्मा ने उठाई आवाज



**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज़**

नैना देवी विधानसभा क्षेत्र में फोरलेन बनने के बाद पुरानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस सेवा लगभग ठप हो गई है। विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि पुराने रास्ते पर बस सुविधा बहाल की जाए क्योंकि अब ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों को बस नहीं मिल पा रही। उन्होंने कहा कि कई बसें मनमाने ढंग से फोरलेन पर चल रही हैं, जिससे जनता को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय पंचायतें भी इस मुद्दे पर सक्रिय हो गई हैं। विधायक जल्द उपायुक्त से बात करेंगे।

# जिला न्यायालय परिसर मंडी में चोरी, वकीलों के टेबल-लैपटॉप व दस्तावेज़ गायब

**धरमवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

जिला न्यायालय परिसर मंडी में अधिवक्ताओं के टेबल, लैपटॉप और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ चोरी हो गए हैं। बार एसोसिएशन ने एसपी से शिकायत की है और सीसीटीवी की फुटेज जांच की मांग की है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में सुरक्षा में कमी पर चिंता जताई है और जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती वे सभी सामूहिक रूप से कार्य से विरत रहेंगे। प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई गई है।



# मजदूरों की छंटनी के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

## 382 मेगावाट सुन्नी बांध परियोजना : न्याय न मिला तो संघर्ष तेज होगा, आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा

**समर न्यूज़ | शिमला**

382 मेगावाट सुन्नी बांध पनविद्युत परियोजना में मजदूरों की कथित गैर-कानूनी छंटनी के विरोध में आज दूसरे दिन भी दो दिवसीय हड़ताल जारी रही। परियोजना का निर्माण कर रही रित्विक कंपनी के कार्यालय के बाहर सैकड़ों मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन किया और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को सीटू के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, सचिव विवेक कश्यप, रंजीव कुठियाला, किसान नेता जयकृष्ण शास्त्री तथा सुन्नी डैम हाइड्रो प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के प्रधान ओमप्रकाश, महासचिव प्रेम प्रकाश सहित हेमराज, टेकचंद, ज्ञानी, सतीश, नेक चंद, जितेंद्र, पारस, देवेंद्र पाल, भूपेंद्र, संदीप, विनोद, केशव राम, राकेश, नमन, रिंकू, रमेश, कैलाश और संजू आदि ने संबोधित किया।नेताओं ने आरोप लगाया कि कंपनी ने तीन मजदूरों की गैर-कानूनी तरीके से छंटनी की है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने 22 अगस्त 2025 को हुए समझौते को लागू करवाने की मांग पर आंदोलन शुरू किया है, लेकिन कंपनी ने अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। सीटू नेताओं ने चेतावनी दी कि छंटनी किए गए मजदूरों को तुरंत काम पर वापस लिया जाए, प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले सभी मजदूरों को समय पर वेतन दिया जाए और मैस व सुरक्षा गार्ड की भर्ती स्थानीय मजदूरों में से की जाए। साथ ही सभी श्रमिकों को पीएफ सुविधा उपलब्ध करवाई जाए और लंबित बोनस तत्काल दिया जाए।नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि कंपनी ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो मजदूर व्यापक ट्रेड यूनियन आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होंगे।



# स्वरोजगार की मिसाल- संतोष कुमारी की बांस कला बनी आय का मजबूत जरिया





**अरविंद | हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

संतोष कुमारी ने उद्योग विभाग के प्रशिक्षण से बांस की कलाकृतियां बनाकर मासिक 15 हजार रुपये की आमदनी कमाई है। पद्मश्री पुरस्कार विजेता करतार सिंह सौंखले और डिजाइनर लक्ष्मण कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने हुनर को निखारा। अब संतोष मास्टर ट्रेनर भी हैं और खुद स्वरोजगार की मिसाल बन चुकी हैं।

# बिहार जनादेश ने दोहराया भरोसा, झूठ की राजनीति को सिरे से नकारा : जयराम ठाकुर

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज**

राज्य ब्यूरो, समर न्यूज़

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड विजय पर सीटीओ चौक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर भारी बहुमत देकर स्पष्ट कर दिया है कि अब देश कांग्रेस और महागठबंधन के झूठ और प्रपंच में नहीं फंसने वाला है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति को प्रो इनकंबेंसी की नई परिभाषा दी है। दो दशक के नेतृत्व के बाद भी जनता द्वारा इतने बड़े जनादेश के साथ विश्वास जताना इस बात का प्रमाण है कि देश को मोदी की नीतियां और कार्यशैली ही स्वीकार है। पारदर्शी और जनकल्याणकारी गवर्नेंस मॉडल ने प्रत्येक लाभार्थी तक पाई पाई पहुंचाई है जहां किसी बिचौलिए की कोई भूमिका नहीं बची।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और एनडीए के सभी नेताओं को जीत की बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश और बिहार की जनता ने जब जब मौका मिला राहुल गांधी और कांग्रेस गठबंधन की नकारात्मक और समाज को तोड़ने वाली सोच को सिरे से खारिज किया है।

**शुरुआत** | तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया उद्घाटन

# जुब्बल में 10 करोड़ की लागत से बने शहरी आजीविका केंद्र भवन का लोकार्पण

**समर न्यूज़ | शिमला**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जुब्बल में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए शहरी आजीविका केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। यह भवन अत्याधुनिक प्री-इंजीनियरिंग बिल्डिंग तकनीक से निर्मित है, जो भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अधिक सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी माना जाता है। स्टील आधारित निर्माण होने से इसमें रेत, बजरी और सीमेंट का कम उपयोग हुआ है, जिससे इसकी लागत भी अपेक्षाकृत कम आई है। भवन 18 माह की निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयार किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि यह भवन आईटीआई जुब्बल में शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए लाभकारी साबित होगा तथा संस्थान की कार्यक्षमता बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि 2022 में 78 हजार करोड़ रुपये के कर्ज के बावजूद और 2023 व 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान झेलने के बाद भी प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल की स्थिति 2021 में 21वें स्थान से बढ़कर 2025 में 5वें स्थान पर पहुंचना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा व तकनीकी शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में तीन आईटीआई और प्रगति नगर में एक इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हैं, जहां प्रदेशभर के छात्र अध्ययन कर रहे हैं।इंजीनियरिंग कॉलेज गुम्मा में 104.2 करोड़ रुपये की लागत से आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है, जिसमें 31.4 करोड़ के कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं। यहां ईसीसी डिप्लोमा को पुनः शुरू किया गया है और इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में नया कोर्स भी प्रारंभ हुआ है। आईटीआई टिक्कर को 5.87 करोड़ रुपये की लागत से बने अपने भवन में स्थानांतरित किया गया है और नया COPA कोर्स शुरू किया गया है। आईटीआई जुब्बल में सोलर टेक्नीशियन कोर्स भी प्रारंभ किया गया है।

जुब्बल क्षेत्र में खेल सुविधाओं को बढ़ाते हुए खेल छात्रावास का नवनिर्मित भवन जनता को समर्पित किया गया है, जहाँ वॉलीबाल के साथ अब कबड्डी और बैडमिंटन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही 17 करोड़ रुपये की लागत से डकैड में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# गमाडा ने 2025–26 के लिए प्रॉपर्टी के बेस रेट बढ़ाए; खरीदारों पर बढ़ेगा बोझ

**• मोहाली के सेक्टरों और प्रमुख स्कीमों में 5,000 से 15,000 रु. प्रति वर्ग गज की वृद्धि; रियल्टर्स ने जताई मंदी गहराने की आशंका**

सुरिंदर सिंह | मोहाली
समर न्यूज़




ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मोहाली के विभिन्न सेक्टरों व योजनाओं में आवासीय और वाणिज्यिक प्लॉटों के बेस रेट में बड़ी बढ़ोतरी कर दी है। नए रेट 12 नवंबर 2025 से लागू माने जाएंगे और इसके साथ ही शहर में प्रॉपर्टी खरीदना और भी महंगा हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले से धीमी चल रही रियल एस्टेट मार्केट पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 2025–26 के लिए नए बेस रेट जारी कर दिए हैं, जिनमें पिछले साल की तुलना में 5,000 से 15,000 रुपये प्रति वर्ग गज तक की वृद्धि की गई है। यह दरें सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी संस्थागत आवंटनों के साथ-साथ कोर्ट निर्देशित मामलों और नॉन-कंस्ट्रक्शन फीस निर्धारण के लिए आधार बनेंगी।

मुख्य लेखा अधिकारी अजय मित्तल द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) के कई सेक्टरों में प्रॉपर्टी रेट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। सेक्टर 53 से 71 में रेट 65,000 से बढ़कर 71,500 रु. प्रति वर्ग गज। सेक्टर 76 से 80 में रेट 63,400 से बढ़कर 70,000 रु. प्रति वर्ग गज। आईटी सिटी व इको-सिटी में 51,500 से बढ़कर 65,000 रु. प्रति वर्ग गज (13,500 रु. की बढ़ोतरी)। सेक्टर 90–91 व एयरोसिटी (ब्लॉक A–D) में सबसे बड़ा उछाल—46,200 से बढ़कर 65,000 रु. प्रति वर्ग गज, यानी लगभग 18,800 रु. की वृद्धि। औद्योगिक सेक्टरों में भी रेट बढ़ाए गए हैं। सेक्टर 57-A में औद्योगिक प्लॉट अब 45,000 रु. प्रति वर्ग गज (पहले 39,600) हो गए हैं, जबकि इंडस्ट्रियल सेक्टर 101 में SCO साइटों (100–200 वर्ग गज) के रेट 1,99,600 से बढ़कर 2,25,000 रु. कर दिए गए हैं। 60 वर्ग गज के छोटे दुकानों के रेट भी 1,33,100 से बढ़कर 1,50,000 रु. प्रति वर्ग गज हो गए हैं।

**▪ बढ़ोतरी पर तीखी प्रतिक्रिया...**

गमाडा अधिकारियों का कहना है कि यह संशोधन एकरूपता बनाए रखने और बाजार आधारित वैल्यूएशन को अपडेट करने के लिए किया गया है। लेकिन स्थानीय प्रॉपर्टी विशेषज्ञ नील कमल जुनेजा ने इस कदम को व्यावसायिक मानसिकता वाला और आम जनता विरोधी बताया। जुनेजा ने आरोप लगाया कि गमाडा जनहित पर नहीं, बल्कि राजस्व बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है और जो पैसा वसूला जा रहा है, वह शहर के विकास पर खर्च नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि गमाडा का गठन लोगों को सुविधाजनक और किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए हुआ था, लेकिन आज यह खुद एक प्रॉपर्टी डीलर की तरह व्यवहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेट बढ़ने से ट्रांसफर फीस और एक्सटेंशन शुल्क भी बढ़ेंगे, जिससे आम लोगों पर 7,500 से 15,000 रु. प्रति वर्ग गज तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

**▪ बाजार पर असर की आशंका...**

रियल एस्टेट विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे समय में जब प्रॉपर्टी मार्केट पहले ही सुस्त है, इस तरह की तीखी बढ़ोतरी बाजार भावना को और कमजोर कर देगी। विशेषज्ञों के अनुसार, नए रेट्स से घर खरीदने और प्लॉट पंजीकरण की लागत बढ़ जाएगी, जिससे निवेश निर्णय टल सकते हैं और नए हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की रफ्तार पर भी असर पड़ेगा। ऐसे में जब बाजार पहले से संघर्ष कर रहा है, तब इतनी भारी बढ़ोतरी मंदी को और गहरा देगी।

**पंजाब पुलिस द्वारा अंतर-राज्यीय जाली करेंसी मॉड्यूल का भंडाफोड़**

# डेराबस्सी में 9.95 करोड़ की नकली बंद नोटों की बरामदगी, दो गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोहाली



▶ बरामद की गई करेंसी में 11 लाख 5 हजार रुपये की असली राशि शामिल है, जिसमें 7 लाख 42 हजार रुपये पुराने 1000 रुपये के नोटों में, 3 लाख 50 हजार रुपये पुराने 2000 रुपये के नोटों में और 13 हजार रुपये नए 500 रुपये के नोटों में मिले हैं। इसके अलावा पुलिस ने कुल 9 करोड़ 88 लाख रुपये की नकली करेंसी भी बरामद की, जिसमें पुराने 1000 रुपये के नोटों के 80 बंडल लगभग 80 लाख रुपये, नए 500 रुपये के नोटों के 60 बंडल करीब 30 लाख रुपये और 2000 रुपये के नोटों के 439 बंडल लगभग 8 करोड़ 78 लाख रुपये के मिले हैं।

मोहाली पुलिस ने डेराबस्सी से दो व्यक्तियों को 9.99 करोड़ रुपये की नकली और पुरानी करेंसी सहित गिरफ्तार करते हुए एक अंतर-राज्यीय नकली करेंसी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की पहचान सचिन वासी, भारत नगर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा, और गुरदीप वासी, गुरदेव नगर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा के रूप में हुई है। इस बरामदगी में 11,05,000 रुपये की असली पुरानी करेंसी और 9.88 करोड़ रुपये की नकली करेंसी शामिल है। करेंसी बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उनकी सफेद स्कॉर्पियो-एन (एचआर-41-एम-6974), जिसमें वे स्वार थे, को भी जब्त किया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी धोखाधड़ी करने के लिए एक चालाक तरीका अपनाते थे, जिसमें नकली नोटों के बंडलों के ऊपर असली नोट रखकर अंदर नकली नोट छिपा देते थे। उन्होंने बताया कि आरोपी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कई धोखाधड़ी और जाली करेंसी के मामलों में शामिल रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल से जुड़े पूरे नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की पहचान करने के लिए तकनीकी जांच और आगे की पूछताछ जारी है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी एसएएस नगर हरमनदीप हंस ने बताया कि पुलिस को अंतर-राज्यीय जाली करेंसी मॉड्यूल से जुड़े दो व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस संबंध में कार्रवाई करते हुए एसपी ग्रामीण मनप्रीत सिंह और डीएसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में विशेष टीमें बनाई गईं। तुरंत कार्यवाही करते हुए एसएचओ डेराबस्सी सुमित मौड़ तथा एंटी-नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज मलकीत सिंह की अगुवाई में टीमों ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, घग्गर पुल, पुराना अंबाला-कालका हाईवे के पास विशेष नाकाबंदी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जाली और पुरानी करेंसी बरामद की। एसएसपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किये गये आरोपी पंजाब और पड़ोसी राज्यों में कई लोगों से धोखाधड़ी कर चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि मामले की आगामी जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ तथा बरामदगियाँ होने की संभावना है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है।

# श्री सुखमणि लॉ कॉलेज ने मुकंदपुर गांव में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़




श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एस.एस.जी.आई) के तत्वावधान में, श्री सुखमणि लॉ कॉलेज ने अपने व्यावहारिक प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत डेराबस्सी के मुकंदपुर गाँव में एक कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विधि छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा के अवसर प्रदान करना और स्थानीय समुदाय के साथ सार्थक बातचीत करना था। इस पहल के माध्यम से, छात्रों को वास्तविक जीवन की शिकायतों, सामाजिक-कानूनी चिंताओं और नागरिकों द्वारा न्याय प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। शिविर के दौरान, संकाय सदस्यों और छात्रों ने ग्रामीणों को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न कानूनी उपायों के बारे में मार्गदर्शन दिया और उन्हें न्याय विभाग के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। टीम ने प्रश्नों के उत्तर दिए, समुदाय को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया और उन्हें आवश्यकता पड़ने पर समय पर कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। एस.एस.जी.आई के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह ने छात्रों के समग्र विकास में योगदान देने वाली व्यावहारिक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक शिक्षण गतिविधियों के आयोजन के लिए संकाय के प्रयासों की सराहना की। मुख्य प्रशासक प्रो. रशपाल सिंह ने भी शिविर को सफल बनाने में कर्मचारियों और छात्रों के ईमानदार प्रयासों की सराहना की। श्री सुखमणि कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य प्रो. रविंदर कुमार ने छात्रों को इस तरह की और अधिक शैक्षिक पहलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करने और समग्र व्यक्तित्व विकास में इनके महत्व पर ज़ोर दिया।

# ऑक्सीजन व वैक्यूम पाइप लाइन चोरी के आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने सैक्टर-6 स्थित सामान्य नागरिक अस्पताल में हुई मेडिकल उपकरण चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार सामान्य नागरिक अस्पताल प्रशासन ने 10 नवंबर को थाना सैक्टर-7 में शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें बताया गया कि अज्ञात शख्स ने अस्पताल परिसर से ऑक्सीजन और वैक्यूम पाइप लाइन चोरी कर ली है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अस्पताल में पूर्व में मजदूरी का कार्य कर चुका एक युवक संदिग्ध रूप से घटनाओं के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित था। इस आधार पर क्राइम ब्रांच सेक्टर 19 के इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 13 नवंबर को आरोपी प्रवीण कुमार पुत्र ललन मूल निवासी उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार खड़क मंगोली से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अस्पताल परिसर में मजदूरी का कार्य करता था और इसी दौरान उसने योजनाबद्ध तरीके से चोरी को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी ने बताया कि आरोपी अस्पताल की गतिविधियों और कम सुरक्षा वाले स्थानों को भली-भांति जानता था जिसके कारण उसने चोरी को बेहद सावधानी से अंजाम दिया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**सर्ब सांझ वेलफेयर सोसाइटी ने महिला क्रिकेटर्स को पंजाब पुलिस में नियुक्त करने की मांग**

# पंजाब की महिला क्रिकेटर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नौकरियां जरूरी: फूलराज

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़



महिला क्रिकेट टीम की क्रिकेटर बेटियों ने न केवल अपना बल्कि पंजाब का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा किया है। इसलिए हम पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अन्य से पुरज़ोर अनुरोध करते हैं कि पंजाब की बेटियों हरलीन कौर देओल मोहाली और अमनजोत कौर को कम से कम पंजाब पुलिस में डी.एस.पी के पद पर तैनात किया जाए और महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमन को पदोन्नत किया जाए। यह बात सर्ब सांझ वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड के अध्यक्ष और राज्य पुरस्कार विजेता फूलराज सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कही। स्टेट अवार्डी फूलराज सिंह ने यह भी कहा कि बेशक पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार और भारत के पंजाबियों के साथ मिलकर हरलीन कौर देओल, अमनजोत कौर और क्रिकेट टीम की अन्य बेटियों को सम्मान से सम्मानित किया है। लेकिन फिर भी ये बेटियां नौकरी पाकर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकती हैं और देश भारत के लिए क्रिकेट खेलने में अपना पूरा प्रयास कर सकती हैं, फूलराज सिंह ने कहा कि हरलीन कौर देओल और अमनजोत कौर को उनके समाज द्वारा आने वाले दिनों में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करके विशेष रूप से सम्मानित किया जा रहा है। जिसके लिए विधायक कुलवंत सिंह और हरलीन कौर देओल और अमनजोत कौर के पारिवारिक सदस्यों से परामर्श किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि जो भी मोहाली निवासी बेटी या बेटा किसी भी क्षेत्र में अपने परिवार के सदस्यों और पंजाब का नाम रोशन करता है, उसे उनके समाज द्वारा बहुत सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके सम्मान को देखकर हमारे अन्य युवा लड़के और लड़कियां प्रोत्साहित हो सकें और समर्पण की भावना के साथ अपने संबंधित क्षेत्रों में अपना ध्यान दे सकें, ताकि वे अपने प्रयासों को सफलता के मार्ग पर लगा सकें। फूलराज सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि मोहाली की कई बेटियों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और उन्हें भी सम्मानित करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, उन्होंने कहा कि सर्ब सांझा वेलफेयर सोसायटी रजिस्टर्ड के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक अगले सप्ताह आयोजित की गई है ताकि पूरे कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कीर्तन दरबार का आयोजन 16 नवंबर को: एसडीएम

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब सरकार धार्मिक स्वतंत्रता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी की अद्वितीय शहादत को श्रद्धांजलि स्वरूप 16 नवंबर को गाव मोटेमाजरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन समारोह का आयोजन कर रही है। यह जानकारी देते हुए एस.डी.एम मोहाली दमनदीप कौर ने बताया कि ये समारोह सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाएँगे। इस दौरान बाबा गुरविंदर सिंह मोहाली का जत्था कीर्तन करेगा जबकि कथा वाचक भाई संदीप सिंह गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना वाले गुरबाणी कथा का रसपान कराएंगे। उप-मंडल मजिस्ट्रेट मोहाली ने कहा कि यह आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान, सिख धर्म के त्याग और सिद्धांतों व मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक है, इसलिए सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील है कि वे इस आयोजन में आदरपूर्वक भाग लें। उन्होंने बताया कि विधायक एसएएस नगर कुलवंत सिंह मोहाली भी इस आयोजन में विशेष रूप से गुरु चरणों में शामिल होंगे।

## सागर सिंगला सुसाइड केस में 1 आरोपी किया गिरफ्तार

**पंचकूला|** पंचकूला के रायपुर रानी क्षेत्र में हुए सागर सिंगला आत्महत्या मामले में पंचकूला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे, 4 नवंबर को युवक सागर सिंगला ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाकर कुछ व्यक्तियों पर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया था। घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया था जिसके तहत आरोपियों की तलाश पिछले कई दिनों से जारी थी।

## अस्पृश्यता उन्मूलन विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**पंचकूला|** जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव टोडा, जिला पंचकूला में अस्पृश्यता उन्मूलन विषय पर वाद-विवाद संगोष्ठी योजना के अंर्तगत एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अन्तोदय (एस०ई०डब्लयू०ए), विभाग हरियाणा द्वारा चलाई जा रही है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा समाज में समानता, भाईचारा, राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा अस्पृश्यता और अन्य सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करना है। इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर भाषण एवंम निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में तनु ने प्रथम, उकता ने द्वितिय और महन रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध लेखन प्रतियोगिता में राशी प्रथम स्थान पर रही, जबकि गुंजन और देवांशी द्वितिय और तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या एंव अध्यापकगण उपस्थित रहें और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**भगवंत सिंह मान सरकार की ओर से मोहाली को बाल दिवस का तोहफ़ा**

# डॉ. बलबीर सिंह ने बाल चिकित्सा ब्लॉक का किया उद्घाटन

प्रदीप सिंह हैप्पी| मोहाली
समर न्यूज़



पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री डॉ. बलबीर सिंह द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों की एक श्रृंखला ने आज मोहाली में बाल दिवस समारोह को यादगार बना दिया। हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, स्वास्थ्य मंत्री ने अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली में 50 बिस्तरों वाले नए बाल चिकित्सा ब्लॉक का उद्घाटन किया और फेज 7 स्थित आम आदमी क्लिनिक में बच्चों को पोलियो की दवा भी पिलाई। इससे पहले, डॉ. बलबीर सिंह ने फेज 7 स्थित आम आदमी क्लिनिक का दौरा किया, जहाँ उन्होंने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई और माताओं से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को टीके से रोके जा सकने वाली बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण, निवारक देखभाल और माता-पिता की जागरूकता के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "पंजाब का हर बच्चा स्वस्थ जीवन का हकदार है, और रोकथाम और स्वास्थ्य सेवा हमारी सबसे मज़बूत ढाल होनी चाहिए।" बाद में स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली की प्रगतिशील यात्रा की सराहना करते हुए, घोषणा की कि संस्थान जल्द ही ब्लॉक 2 में एक समर्पित बाल चिकित्सा आपातकालीन कक्ष स्थापित करेगा, जो पंजाब में बच्चों के लिए विशेष आपातकालीन देखभाल को और मज़बूत करेगा। बाल दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मोहाली ने एक अनूठी पहल शुरू की है - "बुक इन अ नुक्क" कॉर्नर, जो अस्पताल के रिसेप्शन पर बच्चों के अनुकूल पढ़ने का स्थान है। इस कॉर्नर का उद्देश्य कर्मचारियों और छात्रों के बच्चों में पढ़ने की आदत, रचनात्मकता और कम स्क्रीन-टाइम को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यदिवसों में दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और शनिवार को सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे तक खुला रहेगा। यह पहल एम बी बी एस छात्रों में सहानुभूति, कल्पनाशीलता और चिंतनशील शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा मानविकी के तत्वों को भी एकीकृत करती है। मीडिया से बात करते हुए, डॉ. बलबीर सिंह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने घोषणा की कि पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की संख्या वर्तमान 881 से बढ़ाकर 1100 की जाएगी, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उन्होंने आगे कहा कि मुफ़्त लैब परीक्षणों का दायरा 38 से बढ़ाकर 47 कर दिया गया है, जबकि मुफ़्त दवाओं की सूची 80 से बढ़ाकर 112 कर दी गई है, जिससे व्यापक और किफायती स्वास्थ्य सेवा कवरेज सुनिश्चित होगा। मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब की सभी 140 सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को जल्द ही आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) सेवाओं, जिनमें प्रसव और सिजेरियन सुविधाएँ शामिल हैं, से पूरी तरह से सुदृढ़ किया जाएगा।

**▪ एसडीएम ने 40 खाताधारकों को प्रमाण पत्र किए वितरित**

# वित्तीय साक्षरता केवल बैंक की जिम्मेवारी नहीं अपितु हर नागरिक का अधिकार: एसडीएम

समर न्यूज़ | पंचकूला




भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग ने अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए आपकी पूंजी, आपका अधिकार आपका पैसा, आपका अधिकार नामक एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों में पड़ी हुई अनक्लेम्ड राशि के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और खाताधारकों के लिए दावा प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में आज सेक्टर 5, पंचकूला के होटल पल्लवी में शिरकत की और कहा कि वित्तिय साक्षरता केवल बैंक की जिम्मेवारी नही अपितु हर नागरिक का अधिकार है। उन्होने कहा कि इस अभियान की शुरुआत करने के लिए बैंकों की सराहना की और प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के बीच अनक्लेम्ड राशि के बारे में जागरूकता फैलाएं। उन्होंने सभी से सरकार की इस पहल को समर्थन देने का आग्रह किया ताकि वास्तविक मालिकों को उनकी परिसंपत्तियों के साथ फिर से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जिला स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम, आउटरीच कार्यक्रम और अनक्लेम्ड परिसंपत्तियों की प्रत्यर्पण शिविर का आयोजन किया गया। पंचकूला की म्यूनिसिपल काउंसलर सोनिया सूद ने विशिष्ट अतिथि के रूप में व उमेश सूद बीजेपी नेता ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एसडीएम कटारिया ने कार्यक्रम के दौरान, लगभग 40 खाताधारकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिन्होंने अपनी अनक्लेम्ड राशि का निपटान करवाया और विभिन्न बैंकों से कुल 71 लाख रुपये प्राप्त किए।



# दे दे प्यार दे 2 में रकुल प्रीत और अजय देवगन के बीच एक्सट्रा मैरिटल अफेयर

'दे दे प्यार दे 2' कॉमेडी और रोमांस से भरी फिल्म है, जिसमें रकुल प्रीत सिंह के अलावा अजय देवगन, आर माधवन, जावेद जाफरी और उनके बेटे मीजान जाफरी भी हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है।
रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म पहले दिन अच्छी कमाई करने में कामयाब होगी, क्योंकि फिलहाल पर्दे पर कोई बड़ी फिल्म नहीं है। ऐसे में उसका सीधा फायदा 'दे दे प्यार दे 2' को मिल सकता है।
मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म पहले दिन 8 से 10 करोड़ रुपए के बीच कमाई कर सकती है। इस फिल्म के पहले पार्ट की बात करें तो फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई थी।
पहली फिल्म में रकुल प्रीत और अजय देवगन के एक्सट्रा मैरिटल अफेयर को दिखाया गया था। तब्बू ने एक्टर की पत्नी बनकर जोरदार कॉमेडी की थी। अब 'दे दे प्यार दे 2' से भी दर्शक ऐसी ही उम्मीद कर रहे हैं। भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान गणेश का सिद्धिविनायक मंदिर सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है, जहां राजनेता से लेकर बॉलीवुड स्टार्स तक को देखा जाता है। अब अपनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' के रिलीज से एक दिन पहले एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह को बप्पा के दरबार में दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी।
बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर सिद्धिविनायक मंदिर से दर्शन के बाद अपनी फोटोज पोस्ट की हैं। फोटो में रकुल प्रीत येलो आउटफिट में दिख रही हैं और उनके हाथों में फूलों की बड़ी सी माला भी है। रकुल प्रीत ने कैप्शन में लिखा, "आशीर्वाद लेने के लिए बप्पा के दरबार में, कल फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' रिलीज हो रही है, प्लीज अपना पूरा प्यार फिल्म को दीजिए, गणपति बप्पा मोरिया।"
अब फिल्म रिलीज हो रही है, तो बप्पा का आशीर्वाद लेना भी बहुत जरूरी है। शुक्रवार को एक्ट्रेस की फिल्म अरबाज खान की 'त्रिघोरी' के साथ भिड़ने वाली है। 'त्रिघोरी' एक हॉरर फिल्म है, जिसमें रितुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव भी दिखने वाले हैं।

# एंजेलिना से प्रेरित शीना चौहान, 'भयावह' में अपने किरदार में दिखाई 'मेलफिसेंट' की झलक



**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई ऐसे किरदार होते हैं, जो न केवल दर्शकों के दिलों पर छा जाते हैं, बल्कि कलाकारों को भी प्रेरित करते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री शीना चौहान ने बताया कि उनके लिए आने वाली सीरीज में अपने किरदार को निभाने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली का लोकप्रिय किरदार 'मेलफिसेंट' सबसे बड़ी प्रेरणा बना।
एंजेलिना जोली ने डिज्नी की फिल्म 'मेलफिसेंट' में जिस तरह से एक 'विलेन' को ताकत, भावनाओं और मानवीय गहराई से पेश किया, उसने दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित किया था। शीना ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ''एंजेलिना जोली का अभिनय केवल एक खलनायिका को दिखाने तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने उसे एक ऐसी स्त्री के रूप में पेश किया जो ताकतवर भी है, भावनाओं से भरी भी है, और संवेदनशील भी है। कुल मिलाकर उन्होंने अपने किरदार के जरिए कल्पनाओं को जगाया। वह एक ऐसी शक्ति थीं, जिसमें प्यार, गुस्सा, दर्द और करुणा सब कुछ था। मैंने अपने किरदार में भी वही संतुलन लाने की कोशिश की है।''
शीना चौहान ने आगे कहा, ''सीरीज 'भयावह' में मेरा किरदार एक ऐसी औरत का है जो विद्रोही है, जुनूनी है और अपने विचारों में इंसानियत रखती है। अगर किसी भी नेगेटिव किरदार में भावनाओं और संवेदनशीलता की परतें जोड़ दी जाएं, तो वह और भी दिलचस्प बन जाता है। मेरी कोशिश यही रही कि दर्शक मेरे किरदार से डरें भी, लेकिन उसे समझें भी।''
अपने लुक और बदलाव के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि जब उन्होंने इस किरदार का रूप धारण किया, तो उन्हें खुद अपने अंदर एक अलग ऊर्जा महसूस हुई। उन्होंने कहा, "जैसे ही मैंने सींग लगाए, रेड लिपस्टिक लगाई, और बालों को कर्ली किया, तो मुझे लगा कि मेरा किरदार मुझमें उतर आया है। मेरे किरदार में हास्य भी है और रहस्य भी। मुझे उसे निभाने में बहुत मजा आया और मैं चाहती हूं कि दर्शक भी उसे उतना ही पसंद करें।"
'भयावह' सीरीज साल 2026 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

# पहला टेस्ट : जसप्रीत बुमराह ने खोला 'पंजा', साउथ अफ्रीका पहली पारी में सिर्फ 159 रन पर ऑलआउट




**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सामने साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए हैं। मेहमान टीम पहली पारी में सिर्फ 159 रन पर ऑलआउट हो गई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन के बीच 10.3 ओवरों में 57 रन की साझेदारी हुई। रिकेल्टन 22 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम लड़खड़ा गई। साउथ अफ्रीकी टीम ने 71 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे।
यहां से टोनी डी जोरजी ने वियान मुल्डर के साथ चौथे विकेट के लिए 83 गेंदों में 43 रन की साझेदारी की। ये दोनों ही खिलाड़ी 24-24 रन का योगदान देकर आउट हुए।
इनके अलावा, काइल वेरेन्ने ने 16 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स 15 रन बनाकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका के 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 14 ओवरों में महज 27 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। साल 2024 में बुमराह ने केपटाउन में खेले गए टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 61 देकर 6 विकेट हासिल किए थे।
बुमराह के अलावा, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 सफलताएं हासिल कीं, जबकि शेष एक विकेट अक्षर पटेल के नाम रहा। भारतीय टीम ने अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट मैच में 2-0 से क्लीन स्वीप किया था। इसके बाद टीम इंडिया अपनी सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में उतरी है। भारतीय फैंस को उम्मीद है कि मेजबान टीम इस सीरीज में भी 2-0 से क्लीन स्वीप करेगी।
भारतीय टीम में ऋषभ पंत की वापसी हुई है, जिन्हें इंग्लैंड दौरे पर चोटिल होने के बाद सीरीज बीच में ही छोड़नी पड़ी थी। उनके साथ ध्रुव जुरेल को भी इस मुकाबले की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था।

# ट्राइडेंट ओपन में मनोज ने हासिल की लीड, 67 का कार्ड खेलकर शीर्ष पर पहुंचे




**चंडीगढ़।** बेंगलुरु के 17 वर्षीय उभरते गोल्फर मनोज एस ने ट्राइडेंट ओपन 2025 के तीसरे राउंड में बेहतरीन 5-अंडर 67 का कार्ड खेलते हुए लीड अपने नाम कर ली। 1 करोड़ रुपए की प्राइज मनी वाले ट्राइडेंट ओपन के पहले संस्करण का आयोजन चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में हो रहा है। मनोज (69-71-67) तीन राउंड के बाद 9-अंडर 207 के कुल स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त पर पहुंच गए। 17 साल, 7 महीने और 26 दिन की उम्र में मनोज अब पीजीटीआई पर प्रोफेशनल के रूप में जीत दर्ज करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की दहलीज पर हैं। वर्तमान रिकॉर्ड शुभंकर शर्मा के नाम है, जिन्होंने 2014 में 17 साल, 8 महीने और 22 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। करनदीप कोचर अब भी सबसे युवा विजेता हैं, जिन्होंने 17 साल 5 महीने की उम्र में (अमेच्योर रहते) 2016 में जीत हासिल की थी। पूर्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन मनु गनदास (66-73-69) ने 69 का कार्ड खेलकर कुल 8-अंडर 208 के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए दिन समाप्त किया।टॉप-2 खिलाड़ियों और बाकी फील्ड के बीच अच्छी खासी दूरी रही। पांच खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर 5-अंडर 211 के स्कोर पर बने हुए हैं। इनमें चंडीगढ़ के युवराज संधू (70) और अक्षय शर्मा (72), अपना पहला पीजीटीआई इवेंट खेल रहे शुभम जगलान (71) के अलावा शौर्य भट्टाचार्य और मोहम्मद अज़हर शामिल हैं। इससे पहले दूसरे राउंड के बाद अक्षय शर्मा और मनु गनदास 5-अंडर 139 पर संयुक्त लीडर रहे थे।
ट्राइडेंट ग्रुप टूर्नामेंट का टाइटल स्पॉन्सर है। ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद श्री राजिंदर गुप्ता के नेतृत्व में यह समूह भारत और विदेशों में होम टेक्सटाइल क्षेत्र का प्रमुख नाम है। इसका खिताब जीतना सभी के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है और स्कोर काफी टाइट हो गया। दूसरे राउंड के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे मनोज ने तीसरे दिन शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। फ्रंट-नाइन में चार बर्डी और एक बोगी से उन्होंने तेजी से लीडरबोर्ड पर चढ़ाई की। बैक-नाइन में भी उन्होंने चार बर्डी और दो बोगी लगाकर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया। उन्होंने तीन शानदार 10-फुट पट किए और आखिरी होल पर 25 फीट की लंबी पट करते हुए राउंड को खत्म किया। 14वें होल पर वह होल-इन-वन करने से भी चूक गए, क्योंकि उनका टी-शॉट फ्लैग से टकराकर बाहर आ गया।
मनोज ने दिन का खेल समाप्त होने पर कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से मेरा बॉल-स्ट्राइकिंग बहुत अच्छा चल रहा है और यही मेरी फॉर्म की सबसे बड़ी ताकत रही है। आज भी मैं काफी कंसिस्टेंट रहा। 14वें होल पर लगा शॉट इस हफ्ते का मेरा सबसे बढ़िया शॉट था।


# 15 नवंबर ऐतिहासिक दिन, जब एक ही मैच में तेंदुलकर-यूनुस का था टेस्ट डेब्यू

**नई दिल्ली** क्रिकेट जगत के लिए '15 नवंबर' का दिन ऐतिहासिक रहा है। इसी दिन एक ही मुकाबले में विश्व के दो महानतम खिलाड़ियों ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी।
साल 1989 में भारत-पाकिस्तान के बीच यह टेस्ट मैच 15 नवंबर से शुरू हुआ था, जिसमें एक ओर मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की, जबकि दूसरी तरफ पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने अपना टेस्ट करियर शुरू किया।
कराची के मैदान पर भारत-पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का यह पहला मुकाबला था, जिसमें भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।
इस टीम की कमान कृष्मचारी श्रीकांत के पास थी, जिन्होंने उस 16 वर्षीय 'बच्चे' पर भरोसा जताया, जिसने पिछले ही साल हैरिस शील्ड में सेंट जेवियर्स के खिलाफ शारदाश्रम विद्या मंदिर की तरफ से खेलते हुए विनोद कांबली के साथ 664 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की थी। यह सचिन तेंदुलकर थे।
दूसरी ओर, इमरान खान की कप्तानी में वकार यूनुस को उनके 18वें जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले




टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला।
पाकिस्तान ने पहली पारी में 409 रन बनाए। इमरान खान ने कप्तानी पारी खेलते हुए 146 गेंदों में 17 चौकों और 1 छक्के के साथ नाबाद 109 रन बनाए। उनके अलावा, जावेद मियांदाद ने 78, जबकि शोएब मोहम्मद ने 67 रन की पारी खेली।
भारत की ओर से इस पारी में मनोज प्रभाकर ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि कपिल देव ने 4 विकेट निकाले।
इसके जवाब में भारत की पहली पारी महज 262 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से कपिल देव ने 55 रन बनाए, जबकि किरण मोरे ने टीम के खाते में नाबाद 58 रन जोड़े।
वकार यूनुस ने अपनी टेस्ट डेब्यू पारी में 19 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 80 रन देकर संजय मांजरेकर, मनोज प्रभाकर, सचिन तेंदुलकर और कपिल देव का विकेट निकाला।
एक ओर, वकार यूनुस ने अपनी पहली टेस्ट पारी में विकेटों का चौका लगाया।

# आईपीएल 2026: शेन वॉटसन को केकेआर ने सहायक कोच बनाया




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लिए अभिषेक नायर को मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया। केकेआर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर वॉटसन को सहायक कोच बनाए जाने की पुष्टि की है। केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने एक्स पर लिखा, "केकेआर परिवार में शेन वॉटसन का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उच्चतम स्तर पर एक खिलाड़ी और कोच के रूप में उनका अनुभव हमारी टीम संस्कृति और तैयारी में अपार योगदान देगा। टी20 प्रारूप की उनकी समझ विश्वस्तरीय है, और हम मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके योगदान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" केकेआर का सहायक कोच बनने के बाद वॉटसन ने कहा, "केकेआर जैसी प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैंने हमेशा केकेआर के प्रशंसकों के जुनून और टीम की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए कोचिंग समूह और खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।"
वॉटसन का आईपीएल में एक खिलाड़ी और कोच के रूप में लंबा अनुभव रहा है, जो केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।
पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज 2022 और 2023 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। वहीं बतौर खिलाड़ी वॉटसन के आईपीएल करियर पर गौर करें तो 145 मैचों में 4 शतक और 21 अर्धशतक लगाते हुए 137.91 की स्ट्राइक रेट और 30.99 की औसत से 3,874 रन बनाए हैं। साथ ही 92 विकेट हासिल किए हैं।
अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर पर नजर डालें तो, 58 मैचों में 1 शतक और 10 अर्धशतक की मदद से 1,462 रन बनाने के साथ ही 48 विकेट उनके नाम दर्ज हैं।

# बिहार फतहः बिहार की जनता ने 10वीं फेल विपक्ष को नकार बेहतर भविष्य को चुना

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बिहार में एनडीए की बड़ी जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल बना हुआ है। लुधियाना में भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा लड्डू बांट कर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। लुधियाना जिला प्रधान रजनीश धीमान ने बताया कि बिहार की जनता ने दसवीं फेल विपक्ष को नकार कर अपने परिवार के बेहतर भविष्य को चुना। उन्होंने बताया कि बिहार के लोगों ने जिस तरह एनडीए की सरकार को बड़े बहुमत से जिताया हैं, इससे स्पष्ट है कि लोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से खुश हैं। यह जीत विपक्ष के मुंह पर एक बड़ा तमाचा है। एनडीए की जीत का जश्न मनाने के लिए लुधियाना भारतीय जनता पार्टी के मुख्य दफ्तर में पूर्व जिला अध्यक्ष परवीन बंसल, विपन सूद काका, रमेश शर्मा, अशोक लुंबा,डाक्टर डी.सी खोसलाजिला महामंत्री सरदार नरेंद्र सिंह मल्ली, यशपाल जनोत्रा, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, डा निर्मल नय्यर, मनीष चोपड़ा, सुमन वर्मा, अश्विनी टंडन, नवल जैन, लक्की शर्मा, सचिव सतनाम सिंह सेठीमुकेश खत्री, विपन विनायक, रुचि विशाल गुलाटी, पिंकू शर्मा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि बत्रा, एस.सी मोर्चा अध्यक्ष अजय पाल दिसावर, पूर्व पार्षद सरदार गुरदीप सिंह नीटू, प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, परवीन शर्मा, सोशल मीडिया सचिव राजन पांधे, विशाल गुलाटी,महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीनू चुग, किरण शर्मा, ज्योति श्री वास्तव, सपना कवर, रूपम शर्मा, जया तायल, संतोष विज, रीना जैन, पूनम शर्मा, प्रवक्ता नीरज वर्मा, संजीव चौधरी,सुरेंद्र कौशल, विनीत पाल सिंह मोंगा, मंडल/सर्कल प्रधान सुरेश अग्रवाल, हिमांशु कालड़ा, सचिन गुप्ता, बलविंदर स्याल, दीपक जौहर, अशोक राणा, चिराग अरोड़ा, अमित मित्तल, योगेश शर्मा, अमित शर्मा, अमित राय, नवीन वडेरा, जतिंदर वर्मा, कुलदीप सिंह, राकेश पराशर, रवि चौरसिया, जसदेव तिवारी आदि मौजूद रहे।



## लोगों ने जाति की राजनीति को नकारा



*रजनीश धीमान ने बताया कि लोगों ने जाति-पाति की राजनीति को नकार कर विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में विकास कार्य कर रही है और देश को तरक्की के रास्ते पर ले जा रही है। इसी विकास को देखते हुए अब पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है। लोग अब जाति पाति की छोटी राजनीति से उठकर विकास और सुशासन को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिहार का चुनाव परिणाम विपक्ष के लिए बड़ा संदेश है कि केवल नकारात्मक राजनीति और आरोप प्रत्यारोप से जनता को प्रभावित नहीं किया जा सकता।*

## ▪ यह देश के लोगों की जीत है



*बिहार में रिकॉर्ड तोड़ जीत सिर्फ पार्टी की ही जीत नहीं यह देश के लोगों की जीत है। इस जीत से स्पष्ट है कि लोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हो रहे विकास कार्यों का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि लोगों द्वारा इस जीत के बदले में भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों की लड़ी लगाकर रन उतरेगी।*

**-गुरदेव शर्मा देबी**

## ▪ पूरा देश जश्न मना रहा है



*एनडीए की जीत के बाद पूरा देश जश्न मना रहा है। बिहार के लोगों ने विपक्ष की पार्टियों को साफ संदेश दिया है कि वह झूठी और नकारात्मक राजनीतिक पार्टियों को पूरी तरह जानकारी चुके हैं। देश में लगातार हो रहे विकास कार्यों को ही प्राथमिकता देते हुए बिहार के लोगों ने एनडीए को बड़ी जीत दिलाई।*

**-अनिल सरीन**

## ▪ अब पार्टी और भी मजबूत होगी



*अलग-अलग राज्यों में लगातार मिल रही जीत के बाद अब भारतीय जनता पार्टी और भी मजबूत होगी। पार्टी के बड़े नेताओं की रणनीति और उनके कार्य करने के ढंग से देश का हर व्यक्ति प्रसन्न है। बात चाहे देश में विकास कार्यों की हो तो इसकी लिस्ट इतनी लंबी है कि कार्य गिनाने मुश्किल हो जाएं भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही लोगों और देश के विकास के लिए तात्पर्य है।*

**-परवीन बंसल**

# गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब के बाहर सड़क निर्माण पर उठे सवाल सीनियर डिप्टी मेयर ने सड़क दोबारा बनाने के दिए निर्देश



**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

गुरुद्वारा दुखनिवारण साहिब के बाहर बन रही सड़क में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर द्वारा चिंता जताई। और इस सड़क को दोबारा बनाने के आदेश जारी किए है। गुरुद्वारा साहिब की तरफ जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य दो दिन पहले शुरु किया गया था। परंतु वीरवार रात को गुरुद्वारा साहिब के बाहर सड़क बनाई गई। सिंगल लेयर डालने के बाद सुबह पुरी सड़क दोबारा उखड़नी शुरु हो गई। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने शुक्रवार को जारी कार्यों का निरीक्षण किया, जिसके बाद सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि सड़क पर सिंगल लेयर रात के समय डाली गई। परंतु कार्य पूरी मजबूती से नहीं किया गया। जिस कारण गुरुद्वारा साहिब के बाहर से सड़क उखड़नी शुरु हो गई। ऐसे में सड़क का टिक पाना मुशिकल था। हालांकि दो दिन पहले बनाई गई अन्य सड़क ठीक है। श्री गुरु तेग बहागुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन के बाद शहर में बनी सड़कों की गुणवत्ता को चेक करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन 20 नवंबर को शहर में पहुंचेगा। इसके मद्देनजर पुराने शहर के कई इलाकों में सड़क मरम्मत व निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, ताकि संगत को किसी ी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शहर के समग्र विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। सड़क निर्माण के कार्यों में जनता की मेहनत की कमाई को बरबाद नहीं होने देंगे।

# कचरा फेंकने पर निगम की सख्ती, नाइट पेट्रोलिंग में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर नकेल कसने के लिए नगर निगम की नाइट पेट्रोलिंग टीम ने गुरुवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। फ़िरोज़पुर रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर साहिब के पास एक निजी ठेकेदार का ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक खुले में कूड़ा फेंकता पकड़ा गया। मौके पर पहुंची टीम ने तुरंत ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालान काट दिया।

ट्रॉली चालक ने बताया कि कूड़ा पास ही स्थित एक शैक्षणिक संस्थान से लाया गया था। नगर निगम टीम ने इसको नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए कड़ी कार्रवाई की। इसी दौरान फरोज़पुर रोड और लोधी क्लब रोड पर खुले में कचरा फेंकते हुए छह अन्य लोगों को भी पकड़ा गया, जिन सभी के खिलाफ चालान जारी किया गया। मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और निगम आयुक्त आदित्य डेचवाल के निर्देश पर शहर में नाइट पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि कोई भी खुले में कूड़ा न फेंके।उधर, निगम अधिकारियों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे सफाई अभियान में सहयोग दें। घरों का कचरा अधिकृत कूड़ा कलेक्टरों को ही दें या फिर निगम के निर्धारित स्टेटिक कम्पैक्टर स्थलों पर ही डालें।

# दिल्ली लाल किले के बाहर आतंकी हमला शर्मनाकः शाही इमाम पंजाब

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



जमात मजलिस अहरार इस्लाम हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंजाब के शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने दिल्ली के लाल किले के बाहर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। जुम्मे की नमाज़ के बाद आयोजित पुतला फूंक रोष प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमला न सिर्फ भारत के खिलाफ है, बल्कि इस्लाम की शिक्षाओं के भी विरुद्ध है।

शाही इमाम ने कहा कि आतंकवादी संगठन निर्दोष और निहत्थे लोगों पर इस्लाम का नाम लेकर हमले कर रहे हैं, जिससे साफ पता चलता है कि देश के खिलाफ साजिश रचने वाले यह नापाक तत्व इस्लाम की छवि को भी खराब करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर हमला करने की इजाजत नहीं देता, फिर ऐसे लोग कौन हैं जो बार-बार निहत्थे लोगों को निशाना बनाते हैं और मुसलमानों का नाम बदनाम करते हैं? उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। देशभर में पकड़े गए आतंकवादी विभिन्न समुदायों से रहे हैं, इसलिए किसी भी आतंकी घटना के बाद किसी एक धर्म को निशाना बनाना न केवल गलत है बल्कि समाज को बांटने वाली सोच है। उन्होंने सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वालों को भी सलाह दी कि वे भड़काऊ प्रचार से बचें।

शाही इमाम ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि देश के गद्दारों को कड़ा संदेश मिल सके।उल्लेखनीय है कि मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी स्वतंत्रता सेनानी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका परिवार देश के विभाजन के समय पाकिस्तान का विरोधी रहा है और उनकी जमात मजलिस अहरार इस्लाम ने स्वतंत्रता संग्राम में देश के गद्दारों के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलाया था। अंत में शाही इमाम ने देशभर के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाएं और समाज को उन तत्वों से सचेत करें जो आतंकवाद को इस्लाम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## नीची मंगली गांव में खाना बनाते समय घर में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ

# दो बच्चों सहित चार झुलसे एक की हालत गंभीर

**अशवनी पाहवा/लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना के चंडीगढ़ रोड स्थित नीची मंगली गांव में शुक्रवार सुबह एक घर के अंदर सिलेंडर ब्लास्ट होने से दहशत फैल गई। इस हादसे में 27 वर्षीय व्यक्ति विकास, दो बच्चे और एक महिला सहित कुल चार लोग झुलस गए। घायलों में 4 वर्षीय राहुल की हालत शुरू में गंभीर बताई गई, जिसे पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में रेफर किया गया था। कुछ समय बाद में उसकी स्थिति में सुधार देखते हुए उसे वापस लुधियाना सिविल अस्पताल में उपचार के लिए रखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाना बनाते समय गैस पाइप में लीकेज होने के कारण यह दुर्घटना हुई। विकास ने बताया कि चूहे ने गैस पाइप को कुतर दिया था, जिसकी वजह से गैस का रिसाव हो रहा था। जैसे ही वह खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाने लगा, तभी इसी दौरान कमरे में आग भड़क गई। जिसके बाद अचानक हुए धमाके में घर के अंदर मौजूद सभी लोग इसकी चपेट में आ गए। विकास का चेहरा बुरी तरह झुलस गया, जबकि घायल महिला को गंभीर हालत में पटियाला अस्पताल भेजा गया है।

घर के अंदर ब्लास्ट के मामले की सूचना मिलते ही सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ अखिल सरीन और एमसीएच के एसएमओ डॉ रोहित रामपाल भी एमरजेंसी में पुहंचे। जहा उन्होंने मरीज़ो से बात करते हुए तुरंत डॉक्टरों की टीम को गठित कर सभी का घायलो का इलाज लुधियाना के सिविल अस्पताल में ही करने के आदेश जारी किए। डॉक्टरों का कहना है कि सभी घायलों को 10 से 15 प्रतिशत तक जलन आई है। घटना के बाद सभी को अस्पताल लाया गया, जहां उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना के कारणों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि हादसा इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारें भी हिल गईं। फिलहाल अस्पताल प्रशासन घायलों का इलाज कर रहा है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# बिजनेसमैन से 36 लाख की साइबर ठगी, लोन का झांसा दे उड़ाई रकम

**• एयरटेल पेमेंट्स बैंक का अधिकारी बता बनाया निशाना**

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

जगराओं क्षेत्र में रायकोट के एक व्यवसायी के साथ बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। लोन दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने व्यापारी से करीब 36 लाख रुपए हड़प लिए। शिकायत मिलने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार पीड़ित की पहचान रायकोट के मोहल्ला अजीतसर निवासी सुनील कुमार अग्रवाल के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अपने व्यापार के लिए उन्हें लोन की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें अज्ञात नंबरों से फोन आए, जिसमें कॉलर ने खुद को एयरटेल पेमेंट्स बैंक का अधिकारी बताया। जिसके बाद कॉलर ने भरोसा दिलाया कि उनकी लोन फाइल आसान प्रक्रिया में स्वीकृत करा दी जाएगी। इस बहाने उसने अलग-अलग मदों फाइल चार्ज, प्रोसेसिंग फी, टैक्स तथा अन्य शुल्क के नाम पर सुनील कुमार से कुल 36,03,581 रुपए विभिन्न खातों में जमा करवाए। काफी समय बीत जाने के बाद जब न तो लोन स्वीकृत हुआ और न ही पैसे वापस मिले, तब व्यापारी को ठगी का पता चला। इसके बाद आरोपियों ने कॉल उठाना भी बंद कर दिया। साइबर क्राइम की इंचार्ज इंस्पेक्टर दमनदीप कौर ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सेफ स्कूल वाहन योजना के तहत स्कूली बसों की चेकिंग

**▪ एक हफ्ते में नियम पूरे करने के आदेश**

**सुनील शिंगार| लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मानयोग पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट की तरफ से जारी हुए आदेशों के बाद शुक्रवार को स्कूली बच्चों की जांच के लिए अधिकारी सड़कों पर उतरे। सेफ स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला बाल सुरक्षा ऑफिसर रशमी सहित अन्य अधिकारियों ने आधा दर्जन के करीब स्कूली बसों की जांच की। जिन वाहनों के दस्तावेज और उनका रखरखाव सेफ़ स्कूल वाहन योजना के तहत नहीं था उनको एक हफ्ते के भीतर नियम पूरे करने के आदेश दिए गए। वहीं अधिकारियों ने स्कूली बसों को चलाने वाले ड्राइवरों को भी स्पष्ट किया कि अगर वह नियम पूरे नहीं करेंगे तो उन पर बनती कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को दुगरी रोड, गिल पार्क और गिल रोड पर स्थित स्कूलों के वाहनों की चेकिंग की गई। इस मौके पर जिला बाल सुरक्षा ऑफिसर रशमी ने बताया कि बीते दिनों मानयोग पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा आदेश जारी किए गए थे कि स्कूली बसों की चेकिंग की जाए। उन्होंने बताया कि उन्हीं आदेशों का पालन करते हुए शुक्रवार को जिला बाल सुरक्षा यूनिट और शिक्षा विभाग की टीमों की तरफ से इस चेकिंग अभियान को शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वह अन्य स्कूलों की बसों की भी जांच करेंगे।

# रोग जांच के लिए मोबाइल मेडिकल वैन की शुरुआत

**अशवनी पाहवा/लुधियाना**
**समर न्यूज़**



शहर के हर नागरिक तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से लैंडमार्क केयर्स – कम्युनिटी हेल्थ एंड वेलबीइंग प्रोग्राम ने लुधियाना में एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ किया है। यह कार्यक्रम लाइफस्टाइल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से और चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

मोबाइल वैन को सिविल लाइंस स्थित सिविल सर्जन कार्यालय से रवाना किया गया। वैन आने वाले दिनों में फोकल पॉइंट सहित आसपास के श्रमिक एवं वंचित क्षेत्रों में जाकर लोगों को रक्तचाप, ब्लड शुगर और अन्य गैर-संचारी रोगों की जांच, स्वास्थ्य परामर्श और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाएगी।

इस पहल का उद्देश्य उन वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो कार्य की व्यस्तता या संसाधनों की कमी के कारण नियमित स्वास्थ्य संस्थानों तक नहीं पहुंच पाते। वैन के माध्यम से एनसीडी संबंधी रोगों की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और समय रहते उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

सिविल सर्जन डॉ रमनदीप कौर ने बताया कि इस तरह की सामुदायिक पहलें रोग प्रवृत्तियों की निगरानी, समयबद्ध हस्तक्षेप और स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निजी संगठनों और एनजीओ के सहयोग से स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास जारी है।

# ज्वेलरी शॉपों के सीसीटीवी सिस्टम की जांच

**अशवनी पाहवा/लुधियाना**
**समर न्यूज़**



शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कमिश्नरेट पुलिस ने ज्वेलरी शॉपों और बड़े सिस्टम वाले प्रतिष्ठानों की विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न बाजारों का दौरा कर दुकानों में लगे सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की। जांच के दौरान दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की दिशा, कवरेज, रिकॉर्डिंग स्टोरेज, रात के समय सुरक्षा इंतज़ाम और पैनिक अलार्म सिस्टम की कार्यक्षमता की विस्तार से पड़ताल की गई।

पुलिस ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि दुकान के अंदर और बाहर 360 डिग्री कवरेज सुनिश्चित किया जाए और कम से कम 15 से 30 दिन तक की फुटेज स्टोरेज उपलब्ध रहे। पुलिस टीमों ने बताया कि ज्वेलरी शॉपें अपराधियों के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' मानी जाती हैं, इसलिए इन जगहों पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बेहद जरूरी है। कई दुकानों में सीसीटीवी कवरेज की कमी, रिकॉर्डिंग बैकअप कम होने और कैमरों की गलत स्थिति जैसी खामियां पाई गईं, जिनके तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए।

जांच के दौरान दुकानदारों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में अपराध रोकथाम और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## अमरजीत सिंह की निमित अंतिम अरदास कल

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन पंजाब के महासचिव डॉ. मनजीतसिंह (ऊर्जा सेंटर) के



पिता स्व. अमरजीत सिंह (सुपुत्र स्व. सुरजन सिंह) 9 नवंबर को इस नश्वर संसार को छोड़कर गुरू चरणों में जा विराजे थे। स्व. अमरजीत सिंह की आत्मिक श्रद्धांजलि सभा 16 नवंबर को दोपहर 1 से 2 बजे तक गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, अर्बन एस्टेट, जमालपुर लुधियाना में संपन्न होगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 70